26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी


बिजनौर : गुरुवार, 16 जुलाई , 2026
अंक- 262 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# वैज्ञानिकों का न इस्तीफा स्वीकार होगा, न वीआरएस

## ब्रेन ड्रेन रोकने के लिए ISRO का बड़ा कदम



**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग ने 14 जुलाई 2026 को एक बड़ा आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि गगनयान मिशन और देश के अन्य महत्वपूर्ण कामों से जुड़े वैज्ञानिक और इंजीनियर इस्तीफा नहीं दे सकते और न ही जल्दी रिटायर हो सकते हैं। ऐसी अर्जी आने पर उसे सीधे ऊपर विभाग को भेजना होगा। यह खबर इसरो की बड़ी समस्या को सामने लाती है। इसरो एक समय सपनों का संस्थान था, लेकिन अब यहां से अच्छे लोग जा रहे हैं। सरकार ने सभी इसरो केंद्रों को निर्देश दिया है कि गगनयान और दूसरे बड़े प्रोजेक्ट्स के वैज्ञानिकों की इस्तीफे या रिटायरमेंट की अर्जियां सीधे स्वीकार न करें, हर केस को अंतरिक्ष विभाग को भेजो, वहां से फैसला होगा। सरकार ने खुद माना है कि ऐसे कई मामले आ रहे हैं जिससे देश के बड़े मिशन प्रभावित हो रहे हैं। यह आदेश दिखाता है कि समस्या छोटी नहीं है। इसरो पहले देश के सबसे होशियार युवाओं को खींचता था। यहां काम करने वाले लोग देश के लिए कुछ बड़ा करना चाहते थे, लेकिन अब कई युवा वैज्ञानिक बाहर जा रहे हैं। कारण सरल है बाहर ज्यादा सैलरी, तेज प्रमोशन, अच्छा माहौल, कम दफ्तरशाही और अच्छा वर्क-लाइफ बैलेंस। निजी स्पेस कंपनियां अच्छे पैकेज दे रही हैं। इसरो में कुछ लोगों को लगता है कि नई सोच को जगह नहीं मिल रही, फैसले में देरी होती है और उनकी मेहनत पूरी तरह सराही नहीं जाती।






आदर्श आयुर्वेदा
गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश



# चाइनीज़ मांझे की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध को व्यापारियों से मांगा सहयोग



नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन नजीबाबाद के कार्यक्रम में जीएसटी विभाग अधिकारियों की एक संवाद गोष्ठी अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख जीएसटी डिप्टी कमिश्नर शैलेंद्र सिंह ने शासन के आदेशानुसार चाइनीज मांझे की बिक्री पूर्ण रूप से बंद करने के लिए व्यापारियों से सहयोग मांगा है। उन्होंने कहा कि चाइनीज मांझे से आएदिन होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए इस पर प्रतिबंध जरूरी है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ के नेतृत्व में काफी संख्या में व्यापारियों ने चाइनीज मांझे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जीएसटी नजीबाबाद के अधिकारी राजपाल सिंह, जीएसटी राज्य कर अधिकारी तरमिनदर सिंह, जीएसटी राज्य कर अधिकारी दुर्विजय सिंह, व्यापार संगठन के पदाधिकारी शाहिद सिद्दीकी, धीरज झा, रईस कुरैशी, शेर अली, मोनू टाटा, आसिफ, शहबाज, असलम अब्बासी, अंशुल मेहरा, पंकज अग्रवाल, अमित अग्रवाल, शेखर कुमार, दीपांशु वर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ एवं संचालन नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी ने किया।

# आकाशवाणी के कलाकारों ने एफएम ट्रांसमीटर लगाने को प्रार्थना पत्र सौंपा



नजीबाबाद (चिंगारी)। आकाशवाणी नजीबाबाद के कलाकारों व साहित्यकारों ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव को संबोधित प्रार्थना पत्र केंद्रीय मंत्री एवं अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल के माध्यम से भेजने के लिए अपना दल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चैधरी एडवोकेट को सौंपा। पत्र में आकाशवाणी नजीबाबाद केंद्र पर 20 किलोवाट क्षमता का आधुनिक एफएम ट्रांसमीटर जनहित एवं राष्ट्रहित में स्थापित कराने की मांग की गई। पत्र में कहा गया है कि आकाशवाणी नजीबाबाद केंद्र पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्रों का एक ऐतिहासिक, सामरिक एवं जनहितकारी प्रसारण केंद्र है। वर्तमान समय में प्रसारण तकनीक अत्यधिक विकसित हो चुकी है, जबकि आकाशवाणी नजीबाबाद केंद्र आज भी आधुनिक 20 किलोवाट एफएम ट्रांसमीटर से वंचित है। इससे प्रसारण क्षमता, गुणवत्ता एवं जनसुविधा प्रभावित हो रही है। इसलिए इस केंद्र का तकनीकी उन्नयन समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता बन चुका है। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चैधरी ने प्रार्थना पत्र को अनुप्रिया पटेल तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

## बीकॉम में कनिष्का प्रथम, अक्षिता द्वितीय व मानिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया


मानिक बंसल
अक्षिता चौहान



नजीबाबाद (चिंगारी)। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा आयोजित बीकॉम अंतिम सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। जिसमें कनिष्का ने 71.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम, अक्षिता चैहान ने 70.10 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा मानिक बंसल ने 66.20 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक इंजीनियर अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल, प्राचार्या डॉ. नीलावती तथा वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. नवनीत राजपूत ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के प्रबंध निदेशक इंजीनियर अवनीश अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके परिवार, शिक्षकों व संस्थान के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि कठिन परिश्रम व दृढ़ संकल्प के बल पर हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. नवनीत राजपूत ने इस सफलता का श्रेय विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. चंचल कुमार, अमन कुमार शर्मा, मनोज कुमार तथा अन्य प्रवक्ताओं के मार्गदर्शन व विद्यार्थियों की मेहनत को दिया।

# पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्ता को जयंती पर किया गया याद



नजीबाबाद (चिंगारी)। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा वैश्य शिरोमणि पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय चंद्रभानु गुप्ता की 125 वीं जयंती मनाई गई। संगठन के सदस्यों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि चंद्रभानु गुप्ता उत्तर प्रदेश के एक अत्यंत प्रभावशाली व कद्दावर राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। राजनीति में आने से पहले वे एक स्वतंत्रता सेनानी थे और उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया था। वह एक ईमानदार व सिद्धांतों पर चलने वाले राजनेता थे। राजनीति के अलावा उनकी रुचि शिक्षा व सामाजिक कार्यों में भी थी। उन्होंने लखनऊ में लखनऊ डिग्री कॉलेज व अन्य शिक्षण संस्थानों की स्थापना या उन्हें प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। चंद्रभानु गुप्ता का नाम उत्तर प्रदेश के उन शुरुआती नेताओं में लिया जाता है जिन्होंने राज्य की प्रशासनिक और राजनीतिक नींव को मजबूत किया। वे लखनऊ की राजनीति का केंद्र हुआ करते थे और उनके दौर को उत्तर प्रदेश की राजनीति का एक स्वर्ण युग भी कहा जाता है। जिलाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट की अध्यक्षता एवं युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल के संचालन में आयोजित विचार गोष्ठी में विपिन अग्रवाल, कुंज मित्तल, कुलदीप बिश्नोई, संजय अग्रवाल, चित्रांश अग्रवाल, दीपक गुप्ता, आयुष बंसल आदि मौजूद रहे।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर

आज ही लायें एथर स्कूटर

ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

आवश्यकता है- धामपुर में मैनेजर एवं मैकेनिक की ( केवल धामपुर वाले को वरीयता )
मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

जेसीबी और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में युवक की मौत ( पेज 5 )


# सड़क किनारे खड़ी प्राइवेट बस से टकरा गई रोडवेज बस, एक की मौत

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** सड़क किनारे खड़ी निजी बस में पीछे से उत्तर प्रदेश परिवहन की बस ने टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

जानकारी के अनुसार गत रात्रि काशीपुर से तीर्थयात्रियों को लेकर कलियर जा रही एक निजी बस ग्राम भूतपूरी स्थित रामगंगा पुल के समीप एक बच्चे को लघुशंका कराने के लिए सड़क किनारे रुकी थी। इसी दौरान पीछे से आ रही रोडवेज की बस संख्या यूपी-78 एफटी-1558 ने निजी बस में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे निजी बस में


दुर्घटनाग्रस्त बस।

सवार काशीपुर निवासी बस कंडक्टर गोपी, टिल्लू, कदीर, इकबाल, अमन, रिहाना और पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अफजलगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान गोपी (50) की मौत हो गई। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए काशीपुर रैफर कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि निजी बस का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद रोडवेज की अनुबंधित बस का चालक और परिचालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गये। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ मृदुल कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम व एसपी ने लिया कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा

**शेरकोट ( चिंगारी )।** कांवड़ यात्रा शुरू होने से पूर्व प्रशासन ने युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है। सोमवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा कांवड़ यात्रा मार्ग का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया था। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने शिव भक्तों व आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कांवड़ यात्रा को सकुशल शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कांवड़ यात्रा शुरू होने से पूर्व यात्रा मार्ग की सफाई, पथ प्रकाश, पेयजल, रोड डाइवर्जन, सीसीटीवी कैमरे आदि व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने को कहा था। अधिकारियों द्वारा दिये गए निर्देशों का पालन करते हुए बुधवार को पुलिस ने जेसीबी मशीन की मदद से हरिद्वार काशीपुर हाईवे के किनारे पड़ी कूडियो और झाड़ियों को हटवाने का कार्य कराया और हरेवली तिराहे सहित मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने का काम शुरू कर दिया। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि शेरकोट क्षेत्र से गुजरने वाले कांवड़ियों की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए हरसम्भव प्रयास किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि सफाई और सीसीटीवी कैमर लगाने का काम शुरू कर दिया गया है।


कांवड़ यात्रा मार्ग के किनारे खड़ी झाड़ियों की सफाई कराते पुलिस।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA


CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

1 Hero WORLD'S NUMBER MOTORCYCLE & SCOOTER COMPANY FOR 25 YEARS IN A ROW
हीरो के मानसून सुपरहिट ऑफर्स
Hero
₹ 10,000/-* के बेनीफिट
₹ 5,999/-* डाउन पेमेन्ट
*नियम व शर्तें लागू


₹ 10,000/-* Cash Discount
₹ 3,000/-* Cash Discount
₹ 2100/-* Cash Discount
₹ 3,000/-* Exchange Bouns
कविता हीरो
(अधिकृत विक्रेता हीरो मोटोकॉर्प)
निकट सैंट मैरी स्कूल, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो॰ : 9289922765

**भली लगे या बुरी ...**

## हंगामी होगा मानसून सत्र

मौसम विभाग ने भले ही इस साल कमजोर मानसून की भविष्यवाणी की हो, लेकिन संसद के मानसून सत्र में आरोपों-प्रत्यारोपों की जबरदस्त बौछार होने जा रही है। सत्र हंगामी होने के पूरे आसार हैं। हालांकि, अभी सत्तारूढ़ भाजपा और उसके गठबंधन राजग तथा विपक्षी दलों का एजेंडा स्पष्ट नहीं है, पर भाजपा द्वारा कुछ अत्यन्त महत्वपूर्ण विधेयक लाए जाने और 'फ्लोर मैनेजमेंट' द्वारा उनको पास कराए जाने की पूरी संभावना है, जबकि विपक्ष मंदिर चढ़ावा प्रकरण, बढ़ती महंगाई, सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल तथा कॉकरोच जनता पार्टी के जंतर-मंतर धरने, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव ठाकरे के सांसदों की टूट और देश के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट से जुड़े दस्तावेजों के लीक होने जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर चुका है।

2014 से चल रही मोदी सरकार को 2024 के बाद पहली बार संसद में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पर विपक्ष की एकजुटता के कारण हार का सामना करना पड़ा था। ऐसा लगता है कि भाजपा इस हार को येन-केन-प्रकारेण जीत में बदलने को आतुर है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में प्रचंड विजय और उसके परिणामस्वरूप अधिकांश तृणमूल सांसदों के पाला बदलने के साथ ही शिवसेना के सांसदों की टूट से स्पष्ट है कि भाजपा विपक्षी दलों में सेंध लगाने के सभी प्रयास कर रही है। कुछ महीने पहले संसद में 37 सांसदों वाली समाजवादी पार्टी में भी टूट की अफवाहें गरम हो रही थीं, पर इस बीच अयोध्या राम मंदिर में 'चंदा चोरी' प्रकरण के कारण भाजपा को रक्षात्मक दृष्टिकोण अपनाना पड़ा और संभवतः इससे सपा को थोड़ी राहत मिली। लेकिन जहां इस राहत को स्थायी नहीं कहा जा सकता है, वहीं कांग्रेस के 99 सांसदों में भी सेंध लगाने के प्रयास हो सकते हैं। हालांकि, अभी कांग्रेस पर संकट नहीं नजर आता है और राहुल गांधी ने दृढ़ता से कांग्रेस की एकजुटता पर विश्वास व्यक्त किया है, पर भविष्य के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है।

# आपकी बाइक है शौक से चलाओ दूसरों के लिए आफ़त मत बनाओ



▶▶इक़बाल हिन्दुस्तानी

आजकल जिस तरह से युवा मोबाइल के दीवाने हैं, उसी तरह से उनका दूसरा प्यार बाइक बन चुकी है। कुछ युवक-युवतियां स्कूटर और स्कूटी भी चलाते हैं, लेकिन बाइक चलाने वाले उनकी तुलना में कई गुना अधिक हैं। लोवर मीडियम और मीडियम क्लास जहां 75,000 से एक लाख तक की बाइक चलाते हैं, वहीं अपर मीडियम और अपर क्लास बहुत महंगी मॉर्डन और स्पोर्ट बाइक चलाते हैं। ये अन्य सुविधाओं के साथ ही स्टार्ट होते ही बहुत तेज़ स्पीड पकड़ लेती हैं। असली प्रॉब्लम यहीं से शुरू होती है। फैशन और स्पीड का दीवाना युवा ये आधुनिक बाइक चलाते हुए पूरी सावधानी नहीं बरतता। वह हेलमेट नहीं लगाता, डीएल नहीं बनवाता, दो नहीं, तीन नहीं, चार-चार साथियों को बाइक पर बैठाकर गली-मुहल्ले में ही नहीं, हाईवे और एक्सप्रेस-वे पर भी निकल जाता है। खुद की जान के साथ सड़को पर पैदल या दूसरे हल्के वाहनों से जा रहे लोगों की जान भी खतरे में डालता है। कई बार एक्सीडेंट होते हैं। युवा जान से हाथ धो बैठते हैं। माता-पिता लाड प्यार में नाबालिग बच्चों को भी टू व्हीलर की चाबी दे देते हैं, जो कि नियम कानून ही नहीं उनकी अपनी सुरक्षा के लिए मुसीबत बन जाती है। बड़े चौराहों और राष्ट्रीय राज मार्गों पर तो कभी-कभी पुलिस इन वाहनों की चैकिंग करके चालान काट भी देती है, लेकिन नगरों, कस्बों, गांवों के गली- मोहल्लों में ये बाइक सवार युवा सरपट दौड़ते रहते हैं। इनके प्रेशर हॉर्न से बच्चे, बुजुर्ग और बीमार सो नहीं पाते या सोते-सोते चौंककर बार-बार जाग जाते हैं। ये अपनी बाइकों में मोडिफाइड साइलेंसर गैर कानूनी होने के बावजूद धड़ल्ले से इस्तेमाल करते हैं।



इन अवैध साइलेंसर से बार-बार पटाखा फूटने की दिल हिला देने वाली तेज़ आवाजें गूंजती रहती हैं, लेकिन इन बेलगाम और बिगड़े हुए युवाओं की मौज-मस्ती पर कोई फ़र्क नहीं पड़ता। अव्वल तो गली-मोहल्लों में इनको पुलिस पकड़ती ही नहीं है, अगर ये गलती से किसी व्यस्त चौराहे या हाईवे पर पकड़े भी जाते हैं तो अपने परिवार के रसूख का इस्तेमाल नहीं तो यातायात पुलिस की जेब गर्म और कोई भी विकल्प उपलब्ध नहीं होने पर चालान कटवाकर भर देते हैं या कभी-कभी मौके से दुस्साहस दिखाते हुए भाग भी जाते हैं। कई नगरों में कई सड़कों पर बहुत ऊंचे स्पीड ब्रेकर होने या जाम लगा होने पर ये स्पीड काबू नहीं कर पाने से भयंकर टक्कर भी मार देते हैं और भाग जाते हैं। इन बिगड़े हुए युवाओं की इन लापरवाही, मनमानी और खतरनाक बाइक स्टंट से नागरिक बहुत परेशान हैं। वे मंदिर, मस्जिद व अन्य धार्मिक स्थलों, आश्रमों, धर्मशालाओं में पूजा, नमाज से लेकर अस्पताल में अमन सकून से इलाज तक नहीं करा पाते। स्कूल, कॉलेज के बच्चे इनके हॉर्न और मोडिफाइड साइलेंसर के कर्कश असहनीय शोर से पढ़ भी नहीं पाते।


ऐसी बाइक पास से गुजरने मात्र से कई मासूम बच्चे, महिलाएं और बूढ़े बुजुर्ग तो एक्सीडेंट के खौफ से बुरी तरह कांप जाते हैं या डिसबैलेंस होकर रास्ते में ही गिरकर चोट खा जाते हैं। इन बेकाबू बाइकर्स के डरावने कोलाहल से कभी-कभी अवारा, बेसहारा जानवर बौखलाकर रोड पर बेतहाशा दौड़ने लगते हैं, जिससे पैदल या वाहन पर चलते दूसरे लोग उनकी ज़द में आकर बुरी तरह घायल या मौत का शिकार हो जाते हैं। कई बाइक और दूसरे वाहनों की प्रदूषण की जांच या तो बरसों तक होती नहीं या फिर वे फील गुड कराकर फ़र्ज़ी सर्टिफिकेट हासिल कर लेते हैं, जिससे वे जिधर से निकलते हैं, उधर ज़हरीला धुआं छोड़ते जाते हैं और लोग उनको बददुआ देते रहते हैं। इनकी इन बढ़ती समाज विरोधी, शांति विरोधी और नागरिक सुरक्षा की दुश्मन हरकतों का कोई समाधान सरकार, प्रशासन और पुलिस के पास अभी तक नहीं है। काश इन नौजवानों और उनके परिवार वालों को सिविक सेंस नागरिक जिम्मेदारी और सामाजिक कर्तव्य बोध हो और वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार, संवेदनशीलता और मानवता का पाठ पढ़ा सकें, जिससे वे अपनी बाइक को चलती-फिरती आफ़त, मुसीबत और यमदूत बनने से बच सकें।

**नई उम्रों की ख़ुदमुख़्तारियों को कौन समझाये**
**कहां से बच के चलना है कहां जाना ज़रूरी है**

(नोट : लेखक नवभारत टाइम्स डॉट कॉम के ब्लॉगर हैं)

# सौंदर्य और नारी गरिमा का प्रतीक

# सोलह श्रृंगार



भारतीय संस्कृति में सोलह श्रृंगार केवल सौंदर्य बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि नारी के सम्मान, सौभाग्य, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक माना गया है। प्राचीनकाल से विवाह, धार्मिक अनुष्ठान और विशेष पर्वों पर महिलाएं सोलह श्रृंगार करती रही हैं। यह परंपरा आज भी भारतीय समाज में अपनी विशेष पहचान बनाए हुए है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता पार्वती, माता लक्ष्मी और माता सीता को सोलह श्रृंगार से अलंकृत किया जाता था। मान्यता है कि विवाहित स्त्री जब सोलह श्रृंगार करती है, तो वह अपने पति की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना करती है। यही कारण है कि तीज, करवा चौथ, हरितालिका, नवरात्र और विवाह जैसे शुभ अवसरों पर सोलह श्रृंगार का विशेष महत्व होता है। सोलह श्रृंगार में सामान्यतः सिंदूर, बिंदी, मांग टीका, काजल, नथ, झुमके, हार, मंगलसूत्र, चूड़ियां, बाजूबंद, अंगूठी, मेहंदी, कमरबंद, पायल, बिछिया और सुगंध (इत्र) को शामिल किया जाता है। प्रत्येक श्रृंगार का अपना अलग धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व है।

उदाहरण के लिए सिंदूर और मंगलसूत्र वैवाहिक जीवन के प्रतीक हैं। जबकि मेहंदी और चूड़ियां उत्सव, आनंद और शुभता का संदेश देती हैं। आयुर्वेद और पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार सोलह श्रृंगार में प्रयुक्त कई वस्तुएं स्वास्थ्य से भी जुड़ी मानी जाती हैं। मेहंदी शरीर को शीतलता देती है, काजल आंखों की सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है, जबकि पायल और बिछिया से जुड़े कुछ बिंदुओं को शरीर की ऊर्जा और रक्त संचार से भी जोड़ा गया है। हालांकि इन मान्यताओं के वैज्ञानिक प्रमाण सभी मामलों में समान रूप से स्थापित नहीं हैं, फिर भी भारतीय परंपरा में इनका विशेष स्थान रहा है। वर्तमान समय में सोलह श्रृंगार केवल धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं है। यह भारतीय संस्कृति, कला, फैशन और नारी की गरिमा का भी प्रतीक बन चुका है। आधुनिक महिलाएं भी विवाह और पारंपरिक आयोजनों में इसे अपनाकर अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ाव महसूस करती हैं। सोलह श्रृंगार हमें यह संदेश देता है कि भारतीय संस्कृति में सौंदर्य केवल बाहरी आकर्षण नहीं, बल्कि संस्कार, आत्मसम्मान, शुभता और पारिवारिक मूल्यों का भी प्रतीक है। यही कारण है कि सदियों पुरानी यह परंपरा आज भी भारतीय समाज में पूरी आस्था और सम्मान के साथ जीवित है।

-नितिन दिनेश कौशिक

# जेसीबी और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में युवक की मौत

**बिजनौर ( चिंगारी )। बिजनौर-कोतवाली रोड स्थित छोइया पुल के पास गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों ने फैक्ट्री के बाहर हंगामा करते हुए सड़क जाम कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर यातायात सुचारु कराया।**





प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पमड़ावली निवासी अश्वनी (23) पुत्र विजय आज सुबह करीब 10 बजे बाइक से बिजनौर आ रहा था। जैसे ही वह छोइया पुल से आगे मोहित पेट्रोकेमिकल फैक्ट्री के पास पहुंचा, तभी फैक्ट्री परिसर से बाहर निकल रही एक जेसीबी से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अश्वनी की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। वहीं, युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने फैक्ट्री के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए कुछ समय के लिए सड़क जाम कर दी।

परिजनों ने बताया कि अश्वनी की शादी इसी वर्ष फरवरी माह में हुई थी। वह दो बहनों का इकलौता भाई था। उसके पिता का एक दिन पहले बिजनौर के एक निजी अस्पताल में आंतों का ऑपरेशन हुआ था और अश्वनी उन्हें देखने के लिए अस्पताल जा रहा था। रास्ते में हुए इस हादसे ने पूरे परिवार की खुशियां छीन लीं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# 52 हजार रुपये करने वाली पार, दो महिलाएं गिरफ्तार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** एचडीएफसी बैंक से नकदी निकालकर ई-रिक्शा में सवार होकर घर लौट रही महिला के पर्स से 52 हजार रुपये चोरी करने वाली दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ग्राम हुसैनपुर निवासी कैसर पत्नी रईस कल को स्वयं सहायता समूह के खाते से रुपये निकालने के लिए एचडीएफसी बैंक नजीबाबाद पहुंची थी। उसने बैंक से 83 हजार रुपये नकद निकाले। इसके बाद वह हुसैनपुर जाने के लिए रिक्शे में बैठ गई। इसी दौरान दो अज्ञात महिलाएं जिनमें से एक की गोद में छोटा बच्चा था, उसी रिक्शे में सवार हो गईं। कुछ दूरी चलने के बाद दोनों महिलाएं बीच रास्ते में उतर गईं। बाद में महिला ने पर्स की जांच की तो उसमें रखे 83 हजार रुपये में से 52 हजार रुपये गायब मिले। पीड़िता की तहरीर पर थाना नजीबाबाद में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। विवेचना व मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने रीना पत्नी आकाश पुत्री निहाल सिंह निवासी ग्राम मुखारा, थाना सेवर, जिला भरतपुर (राजस्थान), हाल निवासी घंटाघर के पास थाना दिल्ली गेट मेरठ तथा सोना पुत्री सतवीर सिंह निवासी ग्राम मुखारा, थाना सेवर जिला भरतपुर (राजस्थान) हाल निवासी घंटाघर के पास थाना दिल्ली गेट मेरठ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपी महिलाओं के कब्जे से चोरी किए गए 52 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में रकम बरामदगी की वृद्धि की गई है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रीना के विरुद्ध पूर्व में भी सहारनपुर के सदर बाजार थाने में चोरी से संबंधित मुकदमा दर्ज है।



# डीएम व एसपी ने कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण व सुरक्षित सम्पन्न कराने को दिये निर्देश

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए शासन, प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। बुधवार को क्षेत्र के मोटा महादेव मंदिर परिसर में जिलाधिकारी जसजीत कौर एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के लोगों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर कांवड़ यात्रा को लेकर सुझाव लिये। दोनों अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सड़क को गड्ढा मुक्त करने, पेड़ों की लटकी टहनियों की छटाई करने व श्रद्धालुओं के लिए कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कांवड़ मार्ग पर कांवड़ सेवा शिविर की परमिशन समय से करा लेने के लिए कहा। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, प्रकाश व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी व आपातकालीन सेवाओं को हर समय सक्रिय रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को श्रद्धालुओं को सुरक्षित व सुगम यात्रा उपलब्ध कराने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। मंदिर के पुजारी शशिनाथ ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। भाजपा नेता आशीष सिंघल के संचालन में पूर्व सांसद कुंवर भारतेंद्र सिंह, नकुल अग्रवाल, सूर्यांशु उपाध्याय, रवि प्रजापति, किसान नेता चौधरी बलराम सिंह, कमलेश आर्य, भाजपा नेता राजीव अग्रवाल, भाजपा नेत्री लीना सिंघल आदि ने अपने विचार रखे। एसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह, एसपी यातायात गौतम राय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम धामपुर स्मृति ईरानी, एसडीएम नजीबाबाद शैलेंद्र कुमार, सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम, थाना प्रभारी निरीक्षक मंडावली राकेश कुमार, नांगल थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह, किरतपुर थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह, यातायात निरीक्षक रवि नैन, सीएमओ डॉ. कौशलेन्द्र कुमार, भाजपा नेता बलराज त्यागी, राजन टंडन गोल्डी, राजकुमार प्रजापति, वाजिद मकरानी, फुरकान ठेकेदार, मुस्तफा मकरानी, नवीन राजपूत, हिमांशु कुमार व जिले के संबंधित विभाग के अधिकारी सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



**संगोष्ठी में विचार रखते डीएम व एसपी तथा मौजूद विभागों के अधिकारी।**

# पीडब्ल्यूडी द्वारा कागजों में बनाई गई सड़कों की जांच को धरने पर डटे किसान



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन टिकैट का लोक निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार के विरोध में पिछले 16 दिन से धरना-प्रदर्शन जारी है। किसानों के धरना प्रदर्शन के चलते पीडब्ल्यूडी के अधिकारी अपने कार्यालयों को ताले लगाकर नदारत है। भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने बताया कि करीब एक माह पूर्व उन्होंने लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन को क्षेत्र की सड़कों में बड़े पैमाने पर किये गये भ्रष्टाचार की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। मगर विभाग ने काफी समय बीत जाने के बाद भी जब मामले की जांच नहीं कराई तो उन्होंने 30 जून से पीडब्ल्यूडी कार्यालय में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। किसानों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने क्षेत्र में कई सड़कों को केवल कागज में बनाकर उनका पूरा पैसा निकाल लिया है, जबकि मौके पर सड़क नहीं बनाई गई है। भीषण गर्मी में वह भ्रष्टाचार को उजागर करने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं मगर स्थानीय प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में सड़कों के नाम पर किये जा रहे भ्रष्टाचार में अधिकारी व जनप्रतिनिधि दोनों शामिल है। अगर जनप्रतिनिधि इसके प्रति जागरूक होते तो उन्हें आंदोलन न करना पड़ता। धरना प्रदर्शन करने वालों में भाकियू टिकैत के प्रदेश सचिव दिनेश कुमार, जिलाध्यक्ष सुनील कुमार, जिला महामंत्री नरदेव कुमार, तहसील अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, तहसील नगीना अध्यक्ष सोनू विर्क, नजीबाबाद ब्लॉक अध्यक्ष अजय बालियान, ब्लॉक किरतपुर अध्यक्ष अंकित कुमार आदि शामिल रहे।



# तीन बच्चों की मां ने न्याय की गुहार लगाई

## शबाना उर्फ शिवानी को पति ने मुंबई जाकर फोन पर तीन तलाक दी

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर कोतवाली में एक महिला ने अपने साथ धोखे से शादी कराने, धर्म छिपाने और बाद में तीन तलाक देकर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। मामले को लेकर हिंदू युवा वाहिनी के मंडल प्रभारी डॉ. एनपी सिंह ने भी निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है।



महिला, जो वर्तमान में अपना नाम शबाना अंसारी बताती है, का दावा है कि उसका मूल नाम शिवानी वर्मा है और वह स्योहारा क्षेत्र की रहने वाली है। उसके अनुसार बचपन में ही माता-पिता का निधन हो गया था, जिसके बाद वह एक परिवार में रहकर घरेलू कार्य कर अपना जीवनयापन करती थी।

महिला का आरोप है कि उसी परिवार की एक मुस्लिम पुत्रवधू ने अपने भाई की धार्मिक पहचान छिपाकर उसकी शादी नहटौर निवासी सुब्हान से करा दी। महिला का कहना है कि शादी के लगभग एक वर्ष बाद उसे पता चला कि उसका पति मुस्लिम समुदाय से है। इसके बावजूद वह वैवाहिक जीवन निभाती रही और इस दौरान उसके तीन बच्चे हुए।

पीड़िता का आरोप है कि करीब एक माह पूर्व उसके सास-ससुर घर आए और उसके साथ दुर्व्यवहार किया। इसके बाद उसके पति सुब्हान को मुंबई भेज दिया गया। महिला का कहना है कि बाद में पति ने मुंबई से फोन कर उसे तीन तलाक दे दिया। इसके बाद ससुराल पक्ष ने उसे बच्चों सहित घर से निकाल दिया। वर्तमान में वह अपने तीन बच्चों के साथ न्याय की तलाश में भटक रही है।

मामले की जानकारी मिलने पर हिंदू युवा वाहिनी के मंडल प्रभारी डॉ. एनपी सिंह ने महिला से मुलाकात कर उसकी आपबीती सुनी। इसके बाद उन्होंने धामपुर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायत पत्र सौंपा और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### जरूरत पड़ी तो सीएम को अवगत करायेंगे

डॉ. एनपी सिंह ने कहा कि यदि महिला के आरोप सही पाए जाते हैं तो यह अत्यंत गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा और कानून के पालन के लिए प्रतिबद्ध है। यदि स्थानीय स्तर पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वह इस मामले को उच्च अधिकारियों एवं मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर पीड़िता को न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे।

# शादीशुदा प्रेमिका को ज़हर देकर बीएसएफ जवान ने भी ज़हर खाया

### देहरादून के होमस्टे में महिला मृत मिली, आरोपी जवान अस्पताल में भर्ती

**देहरादून (चिंगारी)।** देहरादून के डोईवाला क्षेत्र में प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक बीएसएफ जवान पर अपनी शादीशुदा प्रेमिका को कथित तौर पर जहर देकर हत्या करने का आरोप है। घटना के बाद जवान ने भी जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। फिलहाल उसका दून अस्पताल में उपचार चल रहा है, जबकि महिला की मौत हो चुकी है। पुलिस ने मृतका के पति की शिकायत पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घटना का खुलासा तब हुआ जब आरोपी ने अपनी पत्नी को फोन पर अपनी लोकेशन भेजते हुए बताया कि उसने अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी है और खुद भी जहर खा लिया है। सूचना मिलते ही पुलिस मियांवाला चौक स्थित एक होमस्टे पहुंची, जहां कमरे में 38 वर्षीय बीएसएफ जवान अचेत अवस्था में मिला, जबकि 40 वर्षीय महिला मृत पाई गई। पुलिस ने जवान को पहले नजदीकी अस्पताल और बाद में दून अस्पताल में भर्ती कराया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। छुट्टी पर घर आया बीएसएफ जवान पिछले दो दिनों से महिला के साथ उसी होमस्टे में ठहरा हुआ था। मृतका के पति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे और इसी विवाद के चलते जवान ने उसकी पत्नी को जहर देकर मार डाला। शिकायत के आधार पर डोईवाला कोतवाली में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# रोटरी क्लब ने किया पौधारोपण



**धामपुर (चिंगारी)।** रोटरी क्लब धामपुर रॉयल्स द्वारा पौधारोपण नगीना रोड पर स्थित रो. गौरव अग्रवाल के फ़ार्म हाउस पर किया गया। जिसमे सभी ने मिलकर लगभग 50 पौधे लगवाए। इस के बाद पिछले वर्षो में लगाए पेड़ो का भी अवलोकन किया गया। सभी पेड़ स्वस्थ पाए गए। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. गौरव अग्रवाल रहे और इन के साथ रोटरी क्लब धामपुर रॉयल्स के अध्यक्ष रो. मयंक अग्रवाल, सचिव रो. पराग अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रो. अभिषेक अग्रवाल व रो. अनिल गोयल, रो. सुनील गुप्ता, रो. राजीव गुप्ता, रो. गौरव माहेश्वरी, रो. दीपक अग्रवाल, रो. मुदित बंसल, रो. विवेक जैन, रो. डॉ. अंकुर वर्मा, रो. अजय वर्मा, रो. पंकज गुप्ता, रो. सचिन अग्रवाल, रो. डॉ. अमित गुप्ता, रो. डॉ. अमरजीत चावला, रो. वैभव अग्रवाल, रो. अंकुर अग्रवाल, रो. मोहित अग्रवाल, रो. विष्णु अग्रवाल, रो. गौरव अग्रवाल (डीएसएम), रो. ऋषभ जैन आदि उपस्थित रहे।

# हरेला से पहले 'ब्लैक हरेला' अभियान चर्चा में




**नवीन यादव**

**देहरादून (चिंगारी)।** उत्तराखंड के लोकपर्व हरेला से ठीक पहले पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रदेश में 'ब्लैक हरेला' अभियान चर्चा का विषय बन गया है। ऋषिकेश-देहरादून हाईवे चौड़ीकरण परियोजना के तहत बड़ी संख्या में पेड़ों की प्रस्तावित कटाई का विरोध करते हुए पर्यावरण प्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक अभियान चला रहे हैं।

### पर्यावरण प्रेमी कर रहे पेड़ों की कटाई का विरोध

पर्यावरण संगठनों का कहना है कि देहरादून-ऋषिकेश राष्ट्रीय राजमार्ग के सात मोड़ क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण और फ्लाईओवर निर्माण के लिए करीब 3,000 पेड़ों को काटने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उनका तर्क है कि यह क्षेत्र पर्यावरणीय दृष्टि से बेहद संवेदनशील है और इतने बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई से हरित क्षेत्र, जैव विविधता, वन्यजीवों और स्थानीय जलवायु पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि विकास कार्य आवश्यक हैं, लेकिन ऐसी योजनाओं में ऐसे विकल्प तलाशे जाने चाहिए, जिनसे पेड़ों की कटाई न्यूनतम हो। इसी मांग को लेकर 'ब्लैक हरेला' अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत लोग सोशल मीडिया पर काले रंग के प्रतीक और संदेश साझा कर रहे हैं, वहीं कई स्थानों पर पर्यावरण संरक्षण के समर्थन में कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

यह अभियान ऐसे समय शुरू हुआ है, जब 16 जुलाई से पूरे उत्तराखंड में हरेला पर्व मनाया जाएगा। हरेला को राज्य में हरियाली, प्रकृति संरक्षण और पौधारोपण का प्रतीक माना जाता है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि एक ओर सरकार हरेला पर बड़े पैमाने पर पौधारोपण का संदेश देती है, वहीं दूसरी ओर विकास परियोजनाओं के लिए वर्षों पुराने हजारों पेड़ों की कटाई की जा रही है। उनका कहना है कि इसी विरोधाभास को उजागर करने के लिए इस वर्ष 'ब्लैक हरेला' मनाने का निर्णय लिया गया है।

# चार साल बाद कोर्ट के आदेश पर डॉक्टरों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**देहरादून (चिंगारी)।** सड़क हादसे में घायल एक किशोर के इलाज में कथित चिकित्सीय लापरवाही का मामला सामने आया है। आरोप है कि हादसे में दाएं गुर्दे में चोट लगने के बावजूद डॉक्टरों ने बाएं गुर्दे का ऑपरेशन कर दिया, जिससे किशोर की मौत हो गई। घटना के चार वर्ष बाद

### दाएं गुर्दे में चोट लगी थी, बाएं गुर्दे का आप्रेशन कर दिया था

अदालत के आदेश पर नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने पांच डॉक्टरों और अस्पताल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सहारनपुर निवासी मैनपाल ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका 15 वर्षीय बेटा 3 जुलाई 2022 को सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। हादसे में उसके दाएं हाथ और दाएं गुर्दे में गंभीर चोट आई थी। उसे देहरादून के रिस्पना पुल स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया है।

शिकायत के अनुसार, अस्पताल में कई




घंटे तक ऑपरेशन नहीं किया गया। 4 जुलाई की रात डॉक्टरों ने पहले दाएं हाथ का ऑपरेशन किया, जबकि गुर्दे की चोट अधिक गंभीर थी। इसके बाद 5 जुलाई को दाएं गुर्दे की बजाय बाएं गुर्दे का ऑपरेशन कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद किशोर की हालत लगातार बिगड़ती गई। परिजनों ने बताया कि उन्होंने मरीज को दूसरे अस्पताल ले जाने की अनुमति मांगी, लेकिन उन्हें तत्काल छुट्टी नहीं दी गई। 8 जुलाई को हालत अत्यंत गंभीर होने पर अस्पताल ने उसे दूसरे अस्पताल रेफर किया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही के कारण ही किशोर की जान गई। उन्होंने घटना के बाद नेहरू कॉलोनी थाने में शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन चार वर्षों तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद परिवार ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। पंचम अपर सिविल जज भारती मंगलानी के आदेश पर नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने पांच डॉक्टरों और अस्पताल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नेहरू कॉलोनी थाना प्रभारी मनोज नौटियाल ने बताया कि अदालत के निर्देशों के अनुपालन में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कल आयेंगे मुख्यमंत्री योगी, वर्धमान कॉलेज में सभा होगी

## एक हजार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल बिजनौर आयेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री चांदपुर व सदर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम वर्धमान कालेज में होगा। जिला प्रशासन कल से ही तैयारियों में जुटा है।

बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विदुर सभागार में जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल, हैलीपेड, सफाई आदि व्यवस्थाओं के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले जनप्रतिनिधियों और आमजन की सुविधा के लिए पेयजल, शौचालय तथा पर्याप्त संख्या में मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था की जाए। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस और मेडिकल टीम की तैनाती समय से सुनिश्चित करने के लिये भी कहा गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा बिजनौर व चांदपुर विधानसभा क्षेत्रों की लगभग एक हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) देवेंद्रपाल सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) शरदपाल सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह सहित सभी जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



## एएसपी सिटी ने किया नगीना रोड का निरीक्षण

**बिजनौर( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित 17 जुलाई के बिजनौर दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को एएसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह ने पुलिस अधिकारियों के साथ नगीना रोड का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों ने रूट का रोडमैप तैयार करते हुए ड्यूटी प्वाइंट, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन और संवेदनशील स्थानों का भी निरीक्षण किया। एएसपी सिटी डा. केजी सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व सभी सुरक्षा व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। बता दें कि नगीना रोड की हालत बेहद खस्ता है। शक्ति टाकीज के चौराहे से लेकर हाईवे फ्लाईओवर तक सड़क में गड्ढों की भरमार है। शुगर मिल के पास धूल के गुब्बार उड़ते हैं। प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। अब मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए सड़क की लीपापोती की जानी है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# अमरनाथ की यात्रा कर लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत


श्रद्धालुओं के साथ एडवोकेट राकेश कर्णवाल।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर से 10 दिन पूर्व श्री अमरनाथ यात्रा पर रवाना हुए श्रद्धालु सकुशल यात्रा पूरी कर गुरुवार को नगर लौट आए। श्रद्धालुओं के वापस आने पर प्राचीन शिव मंदिर परिसर में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट राकेश कर्णवाल ने सभी श्रद्धालुओं को फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया और बाबा बर्फानी के दर्शन कर सकुशल लौटने पर शुभकामनाएं दीं। स्वागत के दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा अमरनाथ के दर्शन और यात्रा के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कठिन पर्वतीय मार्ग और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद बाबा बर्फानी के दर्शन कर उन्हें अद्भुत आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा का अनुभव हुआ। श्रद्धालुओं ने यात्रा के सफल एवं सुरक्षित संपन्न होने पर भगवान भोलेनाथ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और सभी नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि श्रद्धा, धैर्य, सेवा और आत्मविश्वास का भी संदेश देती है। श्री अमरनाथ यात्रा पर जाने वालों में संजय माली, सुमित बिश्नोई, अशोक रुहेला, धर्मेंद्र चौहान, प्रमोद गुप्ता (कालागढ़ वाले) अर्पित महेश्वरी आदि शामिल रहे।

## कई लोगों ने अब्दुल कादिर को घेरकर पीटा, ब्लेड मारा

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर कस्बे के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी अब्दुल कादिर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 12 जुलाई की शाम समय सात बजे वह अपनी भैंस के लिए बाजार से चारा लेने गया था। आरोप है कि उसके ही मोहल्ले के रहने वाले इशरत, रियासत, रिहान, आलम, हिना, गुल्लो व अफसाना ने उसे रास्ते में घेरकर गाली गलौच करते हुए उसके साथ लोहे की रॉड व लात-घूसों से मारपीट की। रिहान ने उस पर ब्लेड से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देखकर जान से मारने की धमकी देते हुए फ़रार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो महिलाओं समेत सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय भोजपुर भोपतपुर ने डिजिटल शिक्षा की ओर बढ़ाया अभिनव कदम

## 117 विद्यार्थियों को वितरित किए स्मार्ट आई-कार्ड



**बिजनौर (चिंगारी)।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और तकनीक के प्रभावी उपयोग की दिशा में उच्च प्राथमिक विद्यालय भोजपुर भोपतपुर ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बुधवार को विद्यालय के 117 विद्यार्थियों को स्मार्ट क्यूआर कोड युक्त आई-कार्ड वितरित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रभात कुमार रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ हुआ। इसके बाद प्रभारी प्रधानाध्यापक बालचंद ने विद्यालय में लागू की गई स्मार्ट आई-कार्ड व्यवस्था की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी के आई-कार्ड पर एक विशिष्ट क्यूआर कोड मुद्रित किया गया है। इस क्यूआर कोड को प्रतिदिन विद्यालय में स्कैन कर विद्यार्थियों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज की जाती है। इससे उपस्थिति प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, त्वरित और त्रुटिरहित हो गई है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रभात कुमार के समक्ष विद्यार्थियों की उपस्थिति क्यूआर कोड स्कैन करके लाइव दर्ज कर दिखाई गई। उन्होंने पूरी प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया और विद्यालय की इस तकनीकी पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि नई तकनीकों का उपयोग विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और प्रशासनिक व्यवस्था दोनों को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे नवाचार अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरणा बनेंगे।

विद्यालय के शिक्षक जयदीप मलिक ने बताया कि यह डिजिटल उपस्थिति प्रणाली विद्यालय की स्वयं विकसित वेबसाइट से जुड़ी हुई है, जहां विद्यार्थियों की उपस्थिति तत्काल ऑनलाइन उपलब्ध हो जाती है। उन्होंने बताया कि अगले चरण में अभिभावकों के मोबाइल फोन पर एसएमएस के माध्यम से विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति की सूचना भेजने की व्यवस्था भी शुरू की जाएगी।

# मां के नाम पर पौधारोपण



**अफजलगढ़ (चिंगारी)। भारतीय शिक्षा समिति पश्चिमी उत्तर उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर अफजलगढ़ में एक वृक्ष मां के नाम महावृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत विद्यालय में प्रधानाचार्य सुदर्शन सिंह ने छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि अपनी मां के नाम एक पौधारोपण अवश्य करें। इस अभियान के अंतर्गत प्रधानाचार्य सुदर्शन सिंह सहित शुभ, विनीत, शौर्य, खिलित, परी, तानिया, परिधि, लवकुश, अक्षय कुमार, मनीष कुमार आदि छात्राओं ने वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में उत्तेश कुमार, अमरीश कुमार, मनोज कुमार, अनिल कुमार, कल्याण सिंह, जितेंद्र कुमार वत्सल आदि की सहभागिता रही।**

## मेरा नाम करेगा रोशन...

# माता-पिता का प्यार, बच्चों के सपने होंगे साकार






**स्योहारा (चिंगारी)।** सपनों को साकार करने की कोई उम्र नहीं होती है। सपने अगर बचपन मे ही देखें जाए तो साकार करना आसान होता है। ऐसे ही कुछ होनहारों ने अपने सपनों साकार करने के लिए चिंगारी से बात की है।

मोहल्ला उस्माननगर निवासी नाज़िया शदफ व शारीक शमीम जैदी का 12 वर्षीय पुत्र हम्माद जो नगर के मैरी एण्ड जीसस स्कूल में कक्षा 8 में पढ़ता है। वह एमएमए फाईटर बनना चाहता है। उसके अभिभावकों का कहना है कि उनका साथ हमेशा बच्चे के लिए है।

मोहल्ला हिंदू चौधरियान निवासी फातमा हसन व कामिल हसन की 11 वर्षीय पुत्री अलिना हसन नगर के एमएम पब्लिक स्कूल में कक्षा 7 वीं की छात्रा है। अलिना हसन की माँ सीआरपीएफ में सब इस्पेक्टर हैं, वह भी उन्हीं के जैसे यूनिफोर्म पहनकर देश की सेवा करना चाहती है। अभिभावकों का कहना है कि वह बिटिया के साथ हैं।

शुगर मिल कालोनी निवासी नीलू देवी व तरूण चौहान की 8 वर्षीय पुत्री प्रियंका मॉर्डन स्कूल में कक्षा 5 की छात्रा है। उसका सपना है कि वह उस क्षेत्र में जाएगी जहां देश की सेवा कर सकेगी। माता-पिता का कहना है कि वह उसे अच्छे संस्कार देने का प्रयास कर रहे हैं।

नवादा चुंगी निवासी शीतल सिंह व हरिओम सिंह उर्फ हैरी भाटी की 7 वर्षीय पुत्री अन्वी भाटी गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल स्कूल की यूकेजी की छात्रा है। अभिभावकों का कहना है कि वह अपनी बेटी को संस्कारी बेटी बनाना चाहते हैं। वह उसे उसकी इच्छा के अनुसार पढ़ाई कराएगे।

प्रस्तुतिः- अश्मनी विश्नोई

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में मुजाहिद को आजीवन कारावास

**बिजनौर (चिंगारी)।** विशेष अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडेय ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती करने के मामले में मुजाहिद आजीवन कारावास एवं 60 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जबकि पीड़िता को प्रतिकर के तौर पर तीन लाख रुपये देने के आदेश भी दिए गए हैं। विशेष लोक अभियोजक भालेंद्र राठौर के अनुसार एक व्यक्ति ने थाना नजीबाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 28 अक्टूबर 2025 को शाम सात बजे करीब उसकी नाबालिग पुत्री बिना किसी को बताए घर में रखे दो लाख रुपए और जेवरात लेकर चली गई। तलाश करने पर जानकारी हुई कि उसकी पुत्री को नगीना देहात थानांतर्गत ग्राम अक्काकी रायपुर निवासी मुजाहिद पुत्र अहसान बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। तहरीर के आधार पर मुजाहिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर मुजाहिद को गिरफ्तार किया। मुजाहिद के खिलाफ विवेचना के बाद किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में चार्जशीट न्यायालय में पेश किया। मेडिकल रिपोर्ट में पीड़िता पांच माह की गर्भवती पाई गई। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश कल्पना पांडेय ने मुजाहिद पर अपराध सिद्ध होने पर पॉक्सो एक्ट के तहत आजीवन कारावास और 50 हज़ार रुपए अर्थदंड की सजा तथा धारा 134(2) के तहत पांच वर्ष कठोर कारावास और दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। पीड़िता की प्रतिकर के रूप में तीन लाख रुपए भी दिलाए जाने के आदेश दिये हैं।

# आज़म खान की यूनिवर्सिटी पर चलेगा बुलडोजर!

## 40 में से 38 कमरे तोड़ने का आदेश

**रामपुर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के रामपुर में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और वर्तमान में जेल में बंद मोहम्मद आजम खान के ड्रीम प्रोजेक्ट जौहर यूनिवर्सिटी पर बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई हुई है। रामपुर विकास प्राधिकरण ने यूनिवर्सिटी परिसर में बने 40 भवनों में से 38 भवनों को बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्मित अवैध निर्माण मानते हुए उनके ध्वस्तीकरण का आदेश जारी कर दिया है। प्राधिकरण ने संस्थान को 15 दिन का समय दिया है कि वह इन भवनों को स्वयं हटा ले। यदि तय समय में ऐसा नहीं किया जाता है तो रामपुर विकास प्राधिकरण नियमानुसार कार्रवाई करेगा। रामपुर विकास प्राधिकरण के अनुसार, जौहर यूनिवर्सिटी रामपुर सदर तहसील के ग्राम सिंगनखेड़ा में स्थित है। साल 2024 से यह क्षेत्र रामपुर विकास प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र में शामिल है। इसके बाद प्राधिकरण ने यूनिवर्सिटी से भवनों के स्वीकृत मानचित्र से संबंधित जानकारी मांगी थी। प्राधिकरण का कहना है कि नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था, लेकिन संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने के बाद विस्तृत सुनवाई की गई। इसके बाद 40 भवनों में से केवल दो भवनों के मानचित्र स्वीकृत पाए गए, जबकि शेष 38 भवन बिना स्वीकृत मानचित्र के बने पाए गए। रामपुर विकास प्राधिकरण ने कहा कि पूरे मामले में लिखित जवाब लेने के साथ संस्थान को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर भी दिया गया।




# दुखी परिवारों के आंसू पोंछने पहुंचे सांसद चन्द्रशेखर



**किरतपुर (चिंगारी)।** छह दिन पहले मालन नदी में डूबे बच्चों के परिवारों का दु:ख बांटने के लिये नगीना सांसद एवं आजाद समाज पार्टी के संस्थापक चन्द्रशेखर आजाद आज दोपहर उनके आवासों पर पहुंचे। मौहल्ला राधगान के तीन बच्चे मालन नदी में नहाते हुये डूब गये थे। एक लड़का तो बच कर बाहर निकल आया, लेकिन शाबान और अलीम नदी की तेज धार में बह गये थे। जिनमें से शाबान का शव अगले दिन नदी से बरामद हो गया था, जबकि अलीम का अभी तक कुछ पता नहीं चला है। सांसद चन्द्रशेखर ने पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस मौके पर चेयरमैन अ. मन्नान भी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से जारी

## जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया

## भाजपा जिलाध्यक्ष बॉबी ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिये

## मौसम चौधरी ने कहा- योगी जी का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा



बिजनौर (चिंगारी)। शुक्रवार को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित बिजनौर दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आज अधिकारियों की निगरानी में वर्धमान कॉलेज के मैदान में कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण और अन्य व्यवस्थाओं का कार्य पूरे दिन चलता रहा। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया और सम्बंधितों को आवश्यक निर्देश दिये।

कार्यक्रम स्थल पर मंच लगाने के साथ-साथ पंडाल, बैठक व्यवस्था, बैरिकेडिंग, विद्युत आपूर्ति, पेयजल एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को समयबद्ध ढंग से सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क है। कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं, जबकि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए भी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने आज सुबह कार्यक्रम स्थल पर बताया कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं, ताकि कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जा सके। उधर, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने आज जिला कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम सम्बंधी जानकारी दी। सदर विधायक सुचि मौसम चौधरी तथा भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये पूरी ताकत झोंक दी है। ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम अभूतपूर्व होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इस विशेष कार्यक्रम से बिजनौर विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।


कार्यक्रमस्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर।







## नहर किनारे झाड़ियों में मिला अर्द्धनग्न शव

नजीबाबाद (चिंगारी)। पुलिस के अनुसार नजीबाबाद-कोतवाली मार्ग से जलालाबाद नहर पटरी बाईपास पर आदित्य हॉस्पिटल के सामने बड़ी नहर की झाड़ियों में करीब 40 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शव अर्द्धनग्न अवस्था में था। मृतक ने खाकी रंग की पैंट पहन रखी थी, जबकि एक हाथ में कलावा बंधा हुआ था। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ आकांक्षा गौतम ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## मजदूर की पानी के गडढे में गिरने से मौत

नहटौर (चिंगारी)। गर्मी का प्रकोप लगातार जानलेवा साबित हो रहा है। नहटौर क्षेत्र के ग्राम खंडसाल में जी राम जी योजना के तहत कार्य करने के दौरान तेज गर्मी में चक्कर आने के कारण एक मजदूर की पानी से भरे गडढे में डूबने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम खंडसाल निवासी बलवेंदर सिंह (40 वर्ष) पुत्र लाल सिंह जी राम जी योजना के तहत मजदूरी करता था। घटना के समय बलविंदर श्मशान घाट परिसर में लगाए गए पौधों की सिंचाई कर रहा था। बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के कारण अचानक उसे चक्कर आ गया, जिससे वह पास में ही स्थित पानी से भरे एक गहरे गडढे में जा गिरा और डूबने से उसकी मौत हो गई। जिस समय यह हादसा हुआ, मनरेगा के अन्य मजदूर घटना स्थल से कुछ दूरी पर काम कर रहे थे। बलविंदर का शव पानी में तैरता हुआ मिला। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और दो पुत्रियों को रोता-बिलखते छोड़ गया है। बलविंदर ही परिवार का एकमात्र कमाने वाला जरिया था, जिससे पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का मुआयना किया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मंडावर (चिंगारी)। मंडावर की ओर से जा रही अज्ञात स्विफ्ट कार ने ग्राम खिरनी से बाइक से जा रहे अजमल (55 वर्ष) की बाइक में टक्कर मार दी जिससे अजमल की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक कार सहित फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोर्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा सीसीटीवी फुटेज द्वारा कार की तलाश की जा रही है। अजमल के परिवार में कोहराम मच गया।

## स्मृति मिश्रा बनीं एसडीम सदर

बिजनौर (चिंगारी)। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम धामपुर सुश्री स्मृति मिश्रा (आईएएस) को एसडीएम सदर बिजनौर नियुक्त किया गया है। जबकि एसडीएम धामपुर के पद पर श्री नितिन कुमार की नियुक्ति हुई है। बता दें कि एसडीएम सदर श्रीमती रितु रानी का अमरोहा के लिये ट्रांसफर हो जाने से एसडीएम सदर का पद रिक्त था।

# उत्तराखंड में मौसम का डबल अलर्ट

## 8 जिलों में आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश की संभावना

**देहरादून (चिंगारी)।** उत्तराखंड में मानसून की रफ्तार तेज होने के साथ ही मौसम विभाग ने राज्य के आठ जिलों के लिए 'डबल अलर्ट' जारी किया है। पहाड़ी से लेकर मैदानी इलाकों तक अगले कुछ दिन मौसम का मिजाज बेहद संवेदनशील बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल, नैनीताल, उधमसिंह नगर, चंपावत और पिथौरागढ़ जिलों में भारी बारिश और आंधी-तूफान की आशंका है।

विशेष रूप से ऋषिकेश, डोईवाला, रायवाला, रामनगर, हल्द्वानी, खटीमा, लोहाघाट और घनसाली समेत इनके आस-पास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की जा सकती है। वहीं, इन जिलों के कुछ अलग-अलग और संवेदनशील इलाकों में गरज-चमक के साथ तेज से बहुत तेज बारिश होने की तीव्र संभावना जताई गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि बारिश के दौरान आकाशीय बिजली कड़कने और तीव्र वेग से आंधी-तूफान आने की आशंका है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो सकता है।

मौसम के इस बदले मिजाज को देखते हुए राज्य प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गये हैं। संवेदनशील पहाड़ी रास्तों पर भूस्खलन के खतरे को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने स्थानीय लोगों और चारधाम यात्रा सहित अन्य पर्वतीय क्षेत्रों की यात्रा कर रहे पर्यटकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। लोगों से अपील की गई है कि वे नदी-नालों के किनारे जाने से बचें और मौसम साफ होने पर ही अपनी यात्रा आगे बढ़ाएं। आपातकालीन सेवाओं को भी चौबीस घंटे मुस्तैद रहने के निर्देश दिये गये हैं।

# मोटरसाइकिलों की टक्कर में युवक की मौत, दो घायल

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** ग्राम माहेश्वरी जट के पास 2 मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। एक महिला व युवक गंभीर घायल हो गये, जबकि सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा घायलों को इलाज के लिए कोतवाली देहात स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें बिजनौर अस्पताल रैफर कर दिया।

सरताज पुत्र सलाउद्दीन निवासी ग्राम भोजपुर, थाना किरतपुर मोटरसाइकिल से जन्नती पत्नी बुंदू निवासी ग्राम माहेश्वरी जट थाना कोतवाली देहात को लेकर ग्राम माहेश्वरी जट की ओर जा रहा था। बिजनौर की ओर से आ रही मोटरसाइकिल जिसे शहजाद पुत्र शमी, निवासी ग्राम माहेश्वरी जट, थाना कोतवाली देहात चला रहा था, पुलिस चौकी के निकट दोनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना में सरताज, जन्नती एवं शहजाद घायल हो गए। जिन्हे उपचार हेतु सीएचसी कोतवाली देहात भिजवाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के उपरान्त उन्हें जिला अस्पताल बिजनौर रैफर किया गया तो रास्ते सरताज की मृत्यु हो गयी।

# घर के आंगन में पड़ा मिला सीआरपीएफ के एसआई का शव

## रामपुर बटालियन ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर, बेटी ने चिता को मुखाग्नि दी

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम जयनगर निवासी सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात उमेश कुमार पुत्र मुकंदी सिंह का शव बुधवार को उनके घर के आंगन में पड़ा मिला। वर्तमान में उनकी तैनाती जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में थी। बताया जाता है कि मृतक उमेश कुमार का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था, जिसके चलते उनकी पत्नी अपनी दोनों पुत्रियों के साथ दिल्ली में रहती है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में कभी-कभार ही आते थे। फिलहाल वह घर आए हुए थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि मंगलवार की रात्रि उमेश कुमार छत पर गए होंगे और पैर फिसलने के कारण गिर गये होंगे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पाया कि उमेश कुमार की मृत्यु हो चुकी थी। सीआरपीएफ की रामपुर बटालियन के जवानों ने दिवंगत सब-इंस्पेक्टर उमेश कुमार को गार्ड ऑफ ऑनर



देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी बड़ी बेटी अंशिका ने नम आंखों से अपने पिता को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, परिजन और सीआरपीएफ के जवान मौजूद रहे। इस संबंध में थानाध्यक्ष मृदुल कुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

### छत से गिरकर मौत की आशंका

थानाध्यक्ष मृदुल कुमार ने बताया कि पुलिस के मौके पर पहुंचने पर घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला था। वहीं ग्राम प्रधान जयनगर विपिन कुमार ने बताया कि उनकी जानकारी के अनुसार उमेश कुमार मंगलवार देर रात कहीं बाहर से ग्रांव पहुंचे थे। संभवत: उनके पास घर की चाबी नहीं थी। ऐसे में वह अपनी ताई के मकान की छत के रास्ते अपने घर की छत पर पहुंचे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया होगा और वह नीचे आंगन में गिर पड़े। बुधवार सुबह काफी देर तक बाहर न निकलने पर उनकी ताई को संदेह हुआ। जब उन्होंने छत पर जाकर देखा तो उमेश कुमार आंगन में पड़े थे। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

# मोटे अनाज के उपयोग पर जोर दिया



**नूरपुर (चिंगारी)।** बीआरसी कार्यालय में श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें प्राविधिक सहायक अनुज कुमार ने मोटे अनाज की खेती एवं उनके बने उत्पाद हमारे शरीर के लिए किस प्रकार लाभप्रद हैं उसके बारे में बताया गया। राजकीय कृषि निवेश भंडार प्रभारी रमेश कुमार ने मिलेट्स फसलों बीज एवं मिनी किट के बारे में जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश देवी ने अध्यापकों से अपने भोजन में श्री अन्न के उत्पाद का खाने में प्रयोग करने एवं अपने-अपने स्कूलों में बच्चों को श्री अन्न (मिलेट्स) की जानकारी देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा सुरेंद्र कुमार, बीटीएम अंकित त्यागी, विवेक कुमार, जाहिद अलवी, संतोष मौर्य, पंकज कुमार, मीना कुमारी, कनु गोयल, मधु रानी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# ऊधमसिंह नगर जिले की मस्जिदों से उतारे गए लाउडस्पीकर

**नैनीताल (चिंगारी)।** गृह मंत्रालय के निर्देश पर जिले की पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतारे गए। बताया गया है कि ये लाउडस्पीकर तेज़ आवाज में अजान की आवाज को प्रसारित किया करते थे।



एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट का निर्देश है कि धार्मिक स्थलों से किसी भी प्रकार के ऊंची आवाज में साउंड बाहर नहीं जानी चाहिए।

उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय के निर्देशों के क्रम में उच्चतम न्यायालय की गाइड लाइन का पालन करते हुए रुद्रपुर, काशीपुर, बाजपुर और अन्य स्थानों की करीब दो दर्जन मस्जिदों से लाउडस्पीकर को उतरवाकर जब्त कर लिया गया है। एसएसपी ने बताया कि ये अभियान अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि मस्जिदों की इंतजामिया कमेटी स्वयं ही इन ध्वनि विस्तारक यंत्रों को हटा ले अन्यथा हमारी पुलिस इनकी जब्ती की करवायी करेगी।

# उत्तराखण्ड मूल के लोगों ने उत्साहपूर्वक मनाया 'हरेला'

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** नगर में निवास कर रहे उत्तराखंड मूल के लोगों ने हरेला पर्व श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया। इस अवसर पर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छी फसल, हरियाली तथा पर्यावरण संरक्षण की कामना की गई। नगर निवासी निर्मल चिलवाल ने बताया कि हरेला पर्व को हरियाली, शांति, समृद्धि और प्रकृति संरक्षण का प्रतीक माना जाता है। विशेष रूप से कुमाऊं क्षेत्र में यह पर्व श्रावण मास के दौरान बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि हरेला पर्व की तैयारी नौ दिन पहले ही शुरू हो जाती है। इस दौरान मकई, गेहूं, उड़द, सरसों और भट समेत पांच से सात प्रकार के बीज किसी टोकरी या पात्र में बोए जाते हैं। नौ दिनों तक इनकी नियमित देखभाल की जाती है तथा आठवें दिन गुड़ाई कर पौधों को कलावे से बांधा जाता है ताकि नौवें दिन उन्हें विधि-विधान से काटा जा सके। उन्होंने बताया कि पर्व के दिन हरेला के पौधों को देवी-देवताओं को अर्पित कर अच्छी फसल, परिवार की खुशहाली और प्रकृति के संरक्षण की प्रार्थना की जाती है। हरेला केवल धार्मिक आस्था का पर्व ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति



हरेला पर्व मनाते चिलवाल दंपति।

सम्मान का संदेश देने वाला लोकपर्व भी है। वर्तमान समय में उत्तराखंड के साथ-साथ देश के विभिन्न हिस्सों में बसे उत्तराखंड मूल के लोग भी इस परंपरा को पूरे उत्साह के साथ निभा रहे हैं।

# बिजनौर की सौम्या अग्रवाल व आराध्य अग्रवाल ने संयुक्त राष्ट्र में किया देश का नाम रोशन





**नई दिल्ली/बिजनौर ( चिंगारी )।** इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली की विधि की छात्रा सौम्या अग्रवाल ने 18 वें नेल्सन मंडेला वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2026 में विश्व के शीर्ष 24 दलों में स्थान प्राप्त कर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, जेनेवा (स्विट्जरलैंड) में आयोजित अंतिम चरण के लिए क्वालीफाई किया है। यह केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे भारत के लिए गौरव का विषय है।

15 मार्च 2026 को नई दिल्ली में आयोजित लेक्स ज्यूडिसियम जजमेंट राइटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट निर्णय-लेखन के लिए सौम्या अग्रवाल को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री प्रसन्ना बी. वराले के द्वारा भी सम्मानित किया गया था। यह सम्मान उनकी विधिक प्रतिभा, विश्लेषणात्मक क्षमता तथा न्यायिक लेखन में उत्कृष्टता का प्रतीक है।

संयुक्त राष्ट्र ने उनकी टीम को प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षित करने हेतु विशेष रूप से आराध्य अग्रवाल को आमंत्रित किया है। उनके मार्गदर्शन में जेनेवा में प्रतियोगिता का अंतिम चरण प्रारंभ हो चुका है। आराध्य अग्रवाल माननीय सर्वोच्च न्यायालय में अधिवक्ता हैं तथा उनका जन्म उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद में हुआ है।

ज्ञात हो कि दोनों सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता धीरज अग्रवाल के पुत्र एवं पुत्री हैं तथा नई बस्ती, बिजनौर के मूल निवासी हैं। चिंगारी परिवार सौम्या अग्रवाल और आराध्य अग्रवाल के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# अलीम के पिता के अनुरोध पर बंद किया सर्च अभियान

**किरतपुर ( चिंगारी )।** मालन नदी में डूबे दूसरे बच्चे की तलाश में चल रहे सर्च ऑपरेशन को कल छठे दिन बच्चे के पिता के अनुरोध पर बंद कर दिया गया। सर्च ऑपरेशन की बागडोर संभालने वाले विधायक मनोज पारस व चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने बताया कि अलीम के पिता आजम के अनुरोध पर सर्च ऑपरेशन बंद कर दिया गया है। बच्चे के पिता ने दोनों से अनुरोध किया कि आप दोनों ने काफी प्रयास किया और जब फिर वर्षा होगी और पानी भरेगा फिर देख लेंगे और दोनों का धन्यवाद किया। उधर विधायक मनोज पारस व चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने उन सभी नगर व क्षेत्रवासियों और प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने 6 दिन चले सर्च ऑपरेशन में सहयोग किया। ज्ञात हो कि पिछले शुक्रवार की शाम को मोहल्ला राधगान के तीन लड़के मालन नदी में नहाने गए थे। तीनों पानी के तेज बहाव में फंस गए थे। एक तो थोड़ी देर बाद बाहर आ गया था, दूसरे की डेडबॉडी दूसरे दिन मिल गई थी और अलीम का अभी तक पता नहीं चल सका है।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया, 22 दुकानों पर जुर्माना लगाया




सड़क पर सामान सजाने वालों को चेतावनी देती प्रशासन व पालिका की टीम।

**नगीना ( चिंगारी )।** आखिर काफी लंबे समय बाद नगर पालिका व तहसील प्रशासन को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने की याद आ ही गई। इस दौरान टीम ने 22 दुकानदारों से 18400 रुपये का नकद जुर्माना भी वसूल लिया।

बुधवार को एसडीएम प्रिंस कुमार के नेतृत्व में पालिका के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार व सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा की मौजूदगी में तहसील में पालिका की संयुक्त टीम द्वारा नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। टीम के बाजार में पहुंचते ही कई दुकानदारों ने अपना सामान समेटना शुरू कर दिया था। टीम द्वारा स्टेशन चौराहे से नगर के मुख्य मार्ग स्टेशन रोड से पालिका बाजार तक अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़क पर सामान सजाकर अतिक्रमण करने वाले कई दुकानदारों से नकद जुर्माना वसूलने के बाद भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी देकर छोड़ा गया। एसडीएम प्रिंस कुमार ने कहा कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ प्रशासन व पालिका का सयुक्त अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# शत-प्रतिशत रहा बीबीए का परीक्षाफल



भूमि बालियान



अभय कुमार



मनमीत कौर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले के प्रतिष्ठित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में बीबीए द्वितीय वर्ष (चतुर्थ सेमेस्टर) का परीक्षाफल घोषित हुआ। परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। भूमि बालियान ने 71.86 प्रतिशत अंकों के साथ कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, अभय कुमार ने 69 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा मनमीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही संस्था के अन्य अधिकतर विद्यार्थियों ने भी विशेष योग्यता से परीक्षा उत्तीर्ण की है।

विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर प्रबंध तंत्र की ओर से वीरा सोसाइटी के सचिव कुंवर उदयन वीरा, कुंवर रुचि वीरा (सांसद, मुरादाबाद) व स्वाति वीरा महाजन ने शुभकामनाएं देते हुए उनके अथक परिश्रम और लगन के लिए हृदय से सराहना की। संस्था के निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने इस शानदार सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने डीन एकेडमिक प्रो. मनोज कुशवाहा, स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, विभागाध्यक्ष सुधीर लांबा सहित विभाग के शिक्षकगण विभोर राजवंशी, सरिता बंसल, विवेक कुमार, गजेंद्र सिंह, निकिता सिंह, अफीफा सिद्दीकी आदि को भी बधाई दी।

# हज को लेकर ग़लत फहमियां दूर करने का आह्वान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** हजयात्रा के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने और समाज में फैली गलत फहमियों को दूर करने के मकसद से बुधवार शाम करीब चार बजे पीडब्ल्यूडी डाक बंगला, बिजनौर में उत्तर प्रदेश हज कमेटी के सदस्य हाफिज एजाज अहमद शाहीन अंसारी की मौजूदगी में एक अहम बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए हाफिज एजाज अहमद शाहीन अंसारी ने कहा कि समाज में यह गलत फहमी आम है कि हज से पहले उमराह करना जरूरी है, जबकि इस्लाम में ऐसा कोई हुक्म नहीं है। उन्होंने कहा कि हज इस्लाम का एक अहम रुक्न (स्तंभ) है और इसकी अदायगी के लिए पहले उमराह करना लाज़िमी नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे हज से जुड़ी सही मालूमात हासिल करें और पूरे इत्मीनान के साथ हजयात्रा के लिए आगे आएं।

बैठक में हज-2027 की तैयारियों, आवेदन प्रक्रिया और अन्य जरूरी पहलुओं पर तफसील से चर्चा की गई। साथ ही मौजूद लोगों के सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में बिलाल चौधरी, आकिब यूनुस एडवोकेट (पसमांदा समाज), शमीम अंसारी (हज ट्रेनर), हाजी अय्यूब साहब, मोहम्मद आसिफ एडवोकेट, डॉ. जमील अहमद खान सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

# एक करोड़ की लागत से बनेंगे तीन नाले
# जल भराव से मुक्ति पायेंगे नहटौर वाले

**नहटौर ( चिंगारी )।** जल भराव और दूषित पानी की निकासी की समस्या का जल्द ही समाधान होगा। नगर पालिका परिषद नहटौर में जल निकासी योजना के अंतर्गत पानी के सुचारू बहाव के लिए एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस विशेष बजट के माध्यम से नगर के तीन सबसे व्यस्त और संवेदनशील क्षेत्रों में बड़े आरसीसी नालों का निर्माण कराया जाएगा।

नहटौर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि स्वीकृत बजट के तहत निर्माण प्रक्रिया को धरातल पर उतारने के लिए विभागीय तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि निविदा और अन्य आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताओं को जल्द से जल्द अंतिम रूप देकर नालों का निर्माण कार्य अत्यंत शीघ्र शुरू करा दिया जाएगा। इस परियोजना से मानसून व आम दिनों में होने वाले जल भराव से हमेशा के लिए निजात मिल सकेगी। तीन महत्वपूर्ण वार्डों और मार्गों पर पक्के आरसीसी नालों का निर्माण कराया जाएगा, जिसमें मोहल्ला होलियान में मृणाल त्यागी के मकान से लेकर शकमल की दुकान तक आरसीसी नाले का निर्माण कार्य होगा। नाला बनने से स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। दूसरा मोहल्ला बागवान नकटा के अंतर्गत कलाम फर्नीचर की दुकान से लेकर स्मार्ट गैराज तक नूरपुर रोड पर आरसीसी नाले का निर्माण किया जाएगा। मुख्य व व्यस्त मार्ग होने के कारण यहां जल निकासी की सुदृढ़ व्यवस्था बेहद जरूरी थी। तीसरा स्थान नूरपुर रोड पर ही मोहल्ला होलियान के मुदित टाईल्स की दुकान से लेकर टीवीएस शोरूम तक आरसीसी नाले का निर्माण कार्य संपन्न कराया जाएगा।

### इस सप्ताह शुरू हो जायेगा निर्माण-ईओ

**अधिशासी अधिकारी ने दावा किया कि निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन किया जाएगा और तय समय सीमा के भीतर काम पूरा किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने बताया कि नालों का निर्माण के लिए प्राइवेट एजेंसी को ठेका दे दिया गया है। इस सप्ताह के अंदर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।**

# नहीं बदलेंगे होटलों के नाम
## गाइडलाइन के मुताबिक करेंगे काम


थाने में बैठक करते प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार

### थाना प्रभारी निरीक्षक के निर्देश

**नहटौर ( चिंगारी )।** कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने डीजे व होटल स्वामियों की बैठक आयोजित की, जिसमें प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने कहा कि कोई भी होटल स्वामी अपने प्रतिष्ठानों के नाम नहीं बदलेंगे। वहीं, शासन की गाइडलाइन के अनुसार डीजे की लंबाई व चौड़ाई, आवाज मानक के अनुसार रहेगी। इस कार्य में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाना नहटौर में डीजे व होटल स्वामियों को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि जनता के सहयोग से कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने में पूर्ण सहयोग करें। साथ ही दुकानदारों व होटल स्वामी कोई भी ऐसी चीजें न बेचें जिससे किसी की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचे। आदेशों की अवेहलना करने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही अपनी दुकान पर सीसीटीवी कैमरे आवश्यक लगा लें। इस अवसर पर चंद्रपाल प्रजापति, ओमप्रकाश, पप्पू, मुन्ना, अरविन्द कुमार आदि होटल स्वामी मौजूद रहे।

## हिन्दी लेखन प्रतियोगिता आयोजित


लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चे तथा स्कूल के एमडी आदि

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया तथा हिंदी लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उक्त स्कूल में कक्षा-वार हिंदी लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रत्येक कक्षा से प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर पर हंशिका और आराध्या को 'बेस्ट राइटर' चुना गया। विद्यालय के एम.डी. डालचन्द पाल एवं प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत ने कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता और भाषा के विकास के लिये इस तरह के कार्यक्रम नियमित अंतराल पर आयोजित किये जाते रहेंगे।

## सीएसपी संचालक सुजीव कुमार सम्मानित

**नहटौर ( चिंगारी )।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की नहटौर शाखा के अंतर्गत कार्यरत ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) संचालक सुजीव कुमार को सोशल सिक्योरिटी स्कीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये बैंक के रिजनल मैनेजर ने सम्मानित किया।




मंगलवार को बिजनौर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में रिजनल मैनेजर अमित शुक्ला ने ग्राम सदरुद्दीननगर निवासी सीएसपी संचालक सुजीव कुमार को सम्मानित किया। इस अवसर पर एसबीआई नहटौर शाखा के शाखा प्रबंधक पुष्कर सिंह ने सीएसपी सुजीव कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान सीएसपी प्रशांत शर्मा, विष्णु कुमार, नवनीत कुमार, दीपक कुमार, जितेन्द्र सिंह, नकुल कुमार एवं संजीव कुमार सहित अन्य सीएसपी को भी उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया।

## सौफतपुर में हुआ चिकित्सा शिविर का आयोजन


चिकित्सक सत्यम राणा को सम्मानित करते बजरंग दल के सदस्य

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** विश्व हिंदू परिषद/बजरंग दल द्वारा चलाये जा रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत नांगल प्रखंड के ग्राम सौफतपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। ग्राम सौफतपुर की धर्मशाला में आयोजित चिकित्सा शिविर में डॉक्टर सत्यम राणा (बीएएमएस) द्वारा 95 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श देते हुए निःशुल्क दवाइयां वितरित की गयीं। मुख्य अतिथि के तौर पर प्रखंड अध्यक्ष विनीत कुमार मौजूद रहे। प्रखंड मंत्री जितेश सेहल, दमन कुमार, आशु, शिवम, अनुज कुमार, संजय सिंह, चंचल सहित बजरंग दल के कई सदस्य मौजूद रहे।




## विभोर गर्ग को सम्मानित किया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा चांदपुर के अन्तर्गत कार्यरत ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएसपी) संचालक विभोर कुमार गर्ग को सामाजिक सुरक्षा योजना में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में बैंक के रीजनल मैनेजर अमित शुक्ला व फील्ड मैनेजर दुर्गेश कुमार ने ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक विभोर कुमार गर्ग को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली




**हल्दौर ( चिंगारी )।** स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र हल्दौर से एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत गिरि एवं एसआरजी दुष्यंत कुमार द्वारा सामूहिक रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया।

रैली का आयोजन ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हल्दौर के बच्चों द्वारा किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरक नारे लगाए। रैली का निर्देशन खंड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत गिरि के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में एआरपी नितिन बालियान, नरेश कुमार, अरुण कुमार, कनिका गुप्ता सहित नागेश कुमार, सनी चौधरी, शशांक कुमार लिपिक, श्रीमती संध्या सहायक लेखाकार, शौर्य कुमार, तरुण कुमार, सुधीर कुमार, जयप्रताप, विपिन कुमार, लेखराज सिंह, संजू रानी व नविता चौधरी आदि उपस्थित रहे। रैली के माध्यम से लोगों को अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजना और प्रत्येक बच्चे का नामांकन कराने का संदेश दिया गया। रैली ने क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और लोगों में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया।

# शिक्षक समायोजन की विसंगतियों को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बीएसए से की वार्ता

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, बिजनौर (प्रा. संवर्ग) का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला और वर्तमान शिक्षक समायोजन प्रक्रिया में आ रही विभिन्न विसंगतियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने साक्ष्यों के साथ त्रुटियों को बीएसए के समक्ष प्रस्तुत किया और उनके त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण की मांग की। संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि इन त्रुटियों के कारण किसी भी शिक्षक के हितों का अहित होता है, तो संगठन वैधानिक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा।



### बैंकिंग सुविधा पर भी चर्चा

संगठन ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच हुए एमओयू का हवाला देते हुए शिक्षकों के लिए बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, जिस पर बीएसए ने शीघ्र दिशा-निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री विष्णु कुमार, जिला महामंत्री अमर सिंह, जिला उपाध्यक्ष जयदीप मलिक एवं रूपेश राजपूत, मंडलीय मंत्री रितेश भटनागर, ब्लॉक संरक्षक डॉ. सुमित बंसल, जिला मीडिया प्रभारी अरुण उपाध्याय, चित्र कुमार एवं संजीव कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### ब्लॉक कार्यालय के माध्यम से जमा करें आपत्तिया

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया कि समस्त वास्तविक एवं तथ्यपरक त्रुटियों का परीक्षण कर उनमें आवश्यक संशोधन कराया जाएगा। बीएसए ने निर्देश दिए कि जिन शिक्षकों की आपत्तियां अभिलेखीय आधार पर सही हैं, वे अपनी आपत्तियां संबंधित ब्लॉक कार्यालय के माध्यम से जिला कार्यालय प्रेषित करें।

## तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर रहे विद्यार्थी

**किरतपुर ( चिंगारी )।** सेंट पीटर्स स्कूल में विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी एवं रचनात्मक कौशल भी सिखाए जा रहे हैं। कक्षा 6 के छात्र कंप्यूटर लैब में उत्साहपूर्वक कोडिंग सीख रहे हैं। वहीं कक्षा 3 के विद्यार्थी



वॉलीबॉल काउंटर के मॉडल निर्माण में व्यस्त हैं, जबकि कक्षा 2 के छात्र स्मार्ट टैप के मॉडल निर्माण में लगे हुए हैं। इन प्रयासों के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मकता, तार्किक सोच और व्यावहारिक कौशल का विकास किया जा रहा है।

## घर में घुसकर नकदी व आभूषण ले उड़े

**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्राम सराय शेख हबीब स्याऊ निवासी तौफीक अहमद दिल्ली में सैलून करता है। बुधवार की सुबह को तौफीक घर का ताला लगाकर परिवार के साथ बाहर गया हुआ था। इसी दौरान चोर वैंटिलेटर उखाड़कर घर में घुस गए और 86 हजार रूपए की नकदी व लाखों रुपए कीमत के आभूषण चोरी कर ले गए। बुधवार की देर शाम जब तौफीक घर आया तो वहां का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए।

# ट्रक पलटकर विद्युत पोल से जा टकराया



पलटे पड़े ट्रक में फंसा खड़ा विद्युत पोल

### बड़ा हादसा तो टल गया, मगर बिजली गुल हो गई

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बुधवार की देर शाम बादीगढ़-कल्लूवाला मार्ग पर सेंटर चौराहे के पास एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के एक ओर पलट गया और वहां खड़े बिजली की बड़ी लाइन के पोल से जा टकराया। विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन ट्रक में फंस जाने से वह गिरा नहीं, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। केहरीपुर की ओर से जा रहे ट्रक संख्या यूके 06 सीबी 0028 के चालक थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम केहरीपुर जंगल निवासी दीपक पुत्र चंद्रपाल ने बताया कि वह ट्रक में मैक्रोनी, चाऊमीन के बोरे भरकर बिहार के झज्जर जा रहा था। दीपक का कहना है कि वह ट्रक मोड़ने के लिए सेंटर चौराहे की ओर जा रहा था कि सामने से आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली व ई-रिक्शा को बचाने के प्रयास में ट्रक पलट गया। उधर विद्युत विभाग के जेई पंकज कुमार का कहना है कि खंभा ट्रक में फंसा खड़ा है, रात में बिजली चालू कर दी गई थी।

## ईवीएम से कराया विद्यार्थी काउंसिल का चुनाव




**किरतपुर ( चिंगारी )।** कल आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में 2026- 27 सत्र के लिए विद्यार्थी काउंसिल गठन के लिए मतदान कराया गया। सीनियर विंग के सभी बच्चों ने अपना-अपना मत ई.वी.एम. मशीन का प्रयोग करके दिया। प्रतिनिधि के रूप में हेड बॉय में आयुश व तुशार उम्मीदवार थे और हेड गर्ल में तरंग व तूबा उम्मीदवार थी। इस चुनाव में स्कूल के एम. डी. दर्शित अग्रवाल, प्रधानाचार्य नितिन विश्नोई व सभी अध्यापकों ने भी अपने मत का प्रयोग किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

# शिक्षा व्यक्ति को आधार देती है : मुकेश कुमार

### डिवाइन कालेज में साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन

**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर डिवाइन कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, श्यामपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार के तत्वावधान में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पैरा लीगल वालंटियर (अधिकार मित्र) मुकेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्ति को आधार देती है, जबकि कौशल व्यक्ति को बदलते समय के अनुरूप आगे बढ़ने की क्षमता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए तकनीकी दक्षता के साथ-साथ मानवीय संवेदनशीलता, रोगियों के अधिकारों का सम्मान और विधिक जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है। मुकेश कुमार ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जा रही नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी देते हुए युवाओं से निरंतर सीखने और अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने कहा कि डिग्री अवसर देती है, कौशल पहचान बनाता है, कानून जागरूक नागरिक बनाता है और संवेदनशील सेवा मनुष्य को समाज के हृदय में स्थायी स्थान दिलाती है। इस अवसर पर गगन यादव, रचना गुप्ता, आभा राय, परितोष शर्मा, वैष्णवी पवार, अंकिता, कामाक्षी, देवेंद्र सिंह, अर्चना बिष्ट, भावना चौहान, राखी चौहान सहित कॉलेज के प्राचार्य, प्रबंधक, प्रवक्ता आदि उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा के दौरान, बंद रहेंगी मीट की दुकान

**स्योहारा ( चिंगारी )।** कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा थाना परिषद में बुधवार को अमन कमेटी की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कांवड़ मार्ग में पड़ने वाले रोड़ी सीमेंट की दुकान के

### कांवड़ यात्रा को लेकर अमन कमेटी की बैठक संपन्न



दुकानदार, शराब के दुकानदार, कावड़ मार्ग में पड़ने वाले होटल ढाबे के मालिक, संभ्रांत व्यक्ति, चेयरमैन सभासद चिकित्सक, कांवड़ मार्ग में पड़ने वाले धार्मिक प्रतिष्ठान के धर्मगुरु, नगर पालिका, पीडब्ल्यूडी, बिजली विभाग, कावड़ मार्ग में शिविर लगाने वाले शिविर के संचालक, डीजे वालों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी संजय कुमार तोमर ने कहा कि धार्मिक स्थान के सामने तेज आवाज में डीजे नहीं बजाया जाएगा। डीजे की हाईट 10 फीट से ज्यादा न हो। इसके अलावा कांवड़ यात्रा के दौरान रोड पर नॉनवेज बेचने वाली, दुकानों, मछली, मुर्गा मार्केट, होटल ढाबों आदि पर कोई भी नॉनवेज नहीं बिकेगा और यह संस्थान कांवड़ यात्रा के दौरान बंद रहेंगे। कांवड़ को सफल बनाने के लिए रोड पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा हसनपुर पालकी नहर से लेकर सहसपुर सीमा क्षेत्र तक पुलिस की पिकेट लगातार गश्त करती रहेगी। अगर किसी ने भी कांवड़ यात्रा के दौरान बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बैठक में मनोज कुमार वर्मा, विनीत देवरा, राजपाल प्रजापति, डॉक्टर हरमिन्दर सिंह कालरा, अमित शर्मा, शान मोह्हमद, अवर अभियंता विद्युत विशाल कुमार, अनिल कुमार लेखपाल, नगरपालिका लेखाकार मोहम्मद शान, मुकूल विश्नोई, वीरेंद्र शर्मा, प्यारेलाल आदि ने सम्बोधित किया।

# अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार फुटबॉल वर्ल्ड कप फाइनल में

## आखिरी 7 मिनट में 2 गोल, दोनों मेसी ने असिस्ट किए; अब स्पेन से होगा मुकाबला

**अटलांटा ( एजेंसी/चिंगारी )।** मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप सेमीफाइनल में देर से वापसी करते हुए इंग्लैंड को 2-1 से हराकर रविवार को स्पेन के खिलाफ होने वाले खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली।

मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में एंथनी गॉर्डन के 55वें मिनट में गोल करने के बाद इंग्लैंड फ़ाइनल में पहुंचता हुआ दिख रहा था, लेकिन अर्जेंटीना ने मैच के आखिरी पलों में बाजी पलट दी। एंजो फर्नांडीज ने खेल खत्म होने से पांच मिनट पहले बराबरी का गोल किया और फिर सब्स्टीट्यूट के तौर पर आए लौटारो मार्टिनेज ने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में लियोनेल मेसी के क्रॉस पर हेडर से विजयी गोल दागा। दोनों टीमों ने पहला हाफ बेहद संभलकर खेला, इस दौरान दोनों टीमें बचाव करती दिखी और बहुत कम मौके बना पाईं। इंग्लैंड ने अनुशासित डिफेंस दिखाया, जबकि अर्जेंटीना ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन इंग्लैंड के गोलकीपर जॉर्डन पिकफोर्ड को ज़्यादा परेशान नहीं कर पाए। पहला हाफ गोल रहित रहा।

मैच में पहला गोल दूसरे हाफ के 10वें मिनट में हुआ, जब मॉर्गन रोजर्स ने दाईं ओर से सटीक क्रॉस दिया और गॉर्डन ने करीब से गोल करके इंग्लैंड को अहम बढ़त दिलाई।

इसके बाद अर्जेंटीना ने खेल की गति बढ़ाई और इंग्लैंड को उनके ही हाफ में पीछे धकेलना शुरू किया। एलेक्सिस मैक एलिस्टर बराबरी करने के करीब थे, जब उनका ज़बरदस्त हेडर पोस्ट के अंदरूनी हिस्से से टकराया, जबकि पिकफोर्ड ने कई अहम बचाव करके इंग्लैंड की बढ़त बनाए रखी। इंग्लैंड के मैनेजर थॉमस ट्यूशेल ने डिफेंस को मजबूत करके बढ़त बनाय रखने का प्रयास, लेकिन लियोनेल स्कालोनी की टीम का दबाव बढ़ता गया। आखिरकार 85वें मिनट में बराबरी का गोल हुआ।



पिकफोर्ड द्वारा दूर से किए गए एक प्रयास को रोकने के बाद, फर्नांडीज को मेसी से गेंद मिली और उन्होंने 25-यार्ड की दूरी से शानदार शॉट लगाकर गेंद को निचले बाएं कोने में पहुंचाया और स्कोर बराबर कर दिया। जब मैच अतिरिक्त समय की ओर बढ़ता दिख रहा था, अर्जेंटीना ने अतिरिक्त समय के दूसरे मिनट में निर्णायक गोल कर दिया। मेसी, जो एक बार फिर अपनी टीम की वापसी के सूत्रधार साबित हुए, ने पेनल्टी एरिया में एक बेहतरीन क्रॉस डाला, जहां लौटारो मार्टिनेज ने इंग्लैंड के डिफेंस के ऊपर से हेडर लगाकर पिकफोर्ड को छकाया और जीत पक्की की।

इस परिणाम के साथ लियोनेल स्कालोनी की टीम लगातार दूसरी बार विश्व कप फाइनल में पहुंच गई है, जहां उनका मुक़ाबला स्पेन से होगा और वे 2022 में कतर में जीते गए खिताब को बचाने की कोशिश करेंगे। यह फाइनल मेसी और स्पेन के युवा स्टार लैमिन यमल के बीच वर्ल्ड कप में पहली भिड़ंत भी होगी।

मैच के अधिकतर समय अनुशासित खेल दिखाने के बावजूद, विश्व कप ख़िताब के लिए इंग्लैंड का लंबा इंतजार खत्म करने का सपना टूट गया। अब वे शनिवार को तीसरे स्थान के लिए होने वाले प्लेऑफ में फ़्रांस का सामना करेंगे।

# कचरे के ढेर में बदला मुंबई का जुहू बीच

## 10 दिनों में हटाया गया 1800 टन कचरा



**मुंबई ( एजेंसी/चिंगारी )।** मुंबई का मशहूर जुहू बीच कचरे के ढेर में तब्दील हो गया है। इस समय जुहू बीच पर जाने वाले लोग देख सकते हैं कि बृहन्मुंबई नगर निगम बीएमसी के कर्मचारी मशीनों की मदद से कचरे के बड़े-बड़े ढेरों को हटाने में जुटे हैं। बीएमसी ने बताया कि जुलाई के पहले हफ्ते में मुंबई में हुई भारी बारिश की वजह से जुहू बीच पर इतनी गंदगी हो गई। यहां शुरुआती दिनों में ही 1,000 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई थी।

बीएमसी ने कहा, छोटे नालों और प्राकृतिक जलमार्गों से बहकर आया तैरता हुआ कचरा भारी मात्रा में अरब सागर में चला गया था। अब ज्वार की लहरें इस कचरे को वापस तट की ओर ला रही हैं। करीब 7 किलोमीटर लंबा जुहू बीच में इस समय हर दिन लगभग 350 मीट्रिक टन कचरा जा रहा है। बीएमसी के मुताबिक,इन अभूतपूर्व हालात के बावजूद, बीएमसी लगातार बीच की सफाई का अभियान चला रही है। हम हर दिन लगभग 180 मीट्रिक टन कचरा साफ कर रहे हैं। पिछले दस दिनों में ही बीच से लगभग 1,800 मीट्रिक टन कचरा हटाया गया है और उसे वैज्ञानिक निपटान के लिए भेजा गया है। सामान्य दिनों में जुहू बीच पर आमतौर पर हर दिन लगभग 60 मीट्रिक टन कचरा ही आता है।

कचरे के इस ढेर को लेकर अब राजनीति भी शुरू हो गई है। बीएमसी में विपक्ष की नेता किशोरी पेडनेकर ने बुधवार को जुहू बीच का दौरा किया। उन्होंने हमला बोलते हुए कहा, मैंने सोशल मीडिया पर वीडियो देखने के बाद जुहू बीच का दौरा किया। बीएमसी आखिर कर क्या रही है? ये नालों का कचरा है जो समुद्र की तरफ बहकर आ रहा है। इसका सीधा मतलब है कि मानसून से पहले सफाई का काम ठीक से नहीं हुआ। हम बीएमसी के खर्चों पर श्वेत पत्र भेजने जा रहे हैं।

# आज रात कर्क राशि में प्रवेश करेंगे सूर्य ग्रह

## विश्वक्षितिज पर दिखेंगी अप्रत्याशित घटनाएं, मौसम में होगा अजीबोगरीब परिवर्तन

**-ज्योतिर्विद् श्री विमल जैन**
**मो. 09335414722**

भारतीय ज्योतिष शास्त्र में नवग्रहों में सूर्यग्रह का प्रमुख स्थान है। ज्योतिष की गणना के अनुसार मेष राशि से मीन राशि तक सूर्यग्रह प्रत्येक मास राशि बदलते हैं, जिसका व्यापक प्रभाव पूरे विश्व में देखने को मिलता है। प्रख्यात ज्योतिर्विद् श्री विमल जैन ने बताया कि इस बार सूर्यग्रह कर्क राशि में आज 16 जुलाई, गुरुवार को रात्रि 11 बजकर 39 मिनट पर प्रवेश करके इसी राशि में 17 अगस्त, सोमवार को प्रातः 7 बजकर 58 मिनट तक रहेंगे। इस एक माह की यह अवधि कर्क संक्रान्ति के नाम से जानी जाएगी। ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि इस दिन सूर्य, गुरु-कर्क राशि में, चंद्रमा, शुक्र, केतु-सिंह राशि में, मंगल-वृषभ राशि में, बुध-मिथुन राशि में, शनि-मीन राशि में एवं राहु-कुम्भ राशि में विराजमान रहेंगे। ग्रह-गोचर के अनुसार विश्व क्षितिज पर अनेकानेक अप्रत्याशित घटनाओं से जनमानस को रूबरू



होना पड़ेगा। राजनैतिक पक्ष में उथल-पुथल, देश-विदेश के राजनैतिक घटनाक्रम में अचानक तेजी से नये स्वरूप व गतिविधियों का प्रभाव

## वृषभ, कन्या, तुला एवं कुम्भ राशि वालों को मिलेगी विशेष सफलता

देखने को मिलेगा। शेयर, वायदा व धातु बाजार में विशेष हलचल देखने को मिलेगी। कहीं-कहीं पर वर्षा से भू-स्खलन की आशंका भी बनी रहेगी। दैविक आपदाएं, जल-थल वायु दुर्घटनाओं का प्रकोप तथा कहीं-कहीं पर आगजनी की आशंका बनी रहेगी। किसी मुद्दे को लेकर जनमानस में असन्तोष रहेगा। सत्ता पक्ष व विपक्ष के राजनैतिक दलों में आपसी खींचतान के साथ आरोप-प्रत्यारोपों का दौर चलेगा। मौसम में अजीबो-गरीब परिवर्तन होगा। धार्मिक पक्ष को लेकर जागरूकता रहेगी। आर्थिक व राजनैतिक घोटाले भी शासक-प्रशासक पक्ष के सामने आयेंगे। उच्च राशि के गुरु के संग सूर्यग्रह का मिलन हो रहा है, जिसके फलस्वरूप धर्म के प्रति जनमानस में जागरूकता बढ़ेगी।

**श्री विमल जैन ने बताया कि ग्रहों के योग के फलस्वरूप द्वादश राशियां भी इससे अछूती नहीं रहेंगी। कर्क राशि का सूर्य वृष, कन्या, तुला एवं कुम्भ राशि वालों को विशेष सफलता दिलायेगा।**

मेष—समय आशा के विपरीत। कार्यों में निराशा। विचारों में उग्रता। महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब। प्रतिष्ठा पर आघात।
वृषभ—आरोग्य सुख की प्राप्ति। लाभ का मार्ग प्रशस्त। सफलता का सुअवसर। नवसमाचार से प्रसन्नता। राजकीय लाभ।
मिथुन—संकल्प-विकल्प की स्थिति। व्यय की अधिकता। नेत्र विकार। सुख-समृद्धि में कमी। यात्रा से निराशा।
कर्क—योजना अधूरी। आर्थिक पक्ष से असंतोष। क्रोध की अधिकता। क्रोध की अधिकता। दाम्पत्य जीवन में वैमनस्यता।
सिंह—कार्य योजना में परेशानी। व्यय की अधिकता। समय असन्तोषजनक। शंका कुशंका प्रभावी। योजना अधूरी। यात्रा असफल।
कन्या—ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में। नवीन योजना का श्रीगणेश। ज्ञान-विज्ञान में अभिरुचि। बुद्धि चातुर्य से विवाद समापन पर।
तुला—आरोग्य सुख की प्राप्ति। नवसम्पर्क लाभदायक। धनागम का सुअसवर। शत्रु परास्त। लाभार्जन का मार्ग प्रशस्त।
वृश्चिक—कार्यों में निराशा। कार्यसिद्धि का प्रयास निष्फल। अनावश्यक भय। चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका। स्पष्टवादिता घातक।
धनु—पारिवारिक मानसिक अशान्ति। अभिलाषा की पूर्ति में व्यवधान। मित्रों से अनबन। वाहन से चोट-चपेट संभव।
मकर—दिनचर्या अव्यवस्थित। विरोधी प्रभावी। दाम्पत्य जीवन में कटुता। पुरुषार्थ में अरुचि। कर्ज की चिन्ता।
कुम्भ—आर्थिक-व्यावसायिक लाभ। उपहार या सम्मान का लाभ। राजकीय पक्ष से लाभान्वित। बौद्धिक क्षमता में वृद्धि।
मीन—कार्यसिद्धि में विलम्ब। विशेष प्रयास से कार्यसिद्धि का सुयोग। स्वास्थ्य में शिथिलता। सन्तानपक्ष की चिन्ता।

# अभेद्य सुरक्षा घेरे में सम्पन्न होगा कांवड़ मेला

## डीजीपी दीपम सेठ ने दिये व्यापक सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के निर्देश



**देहरादून ( चिंगारी )।** आगामी श्रावण कांवड़ मेला-2026 के सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर उत्तराखंड पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सुरक्षा, यातायात, तकनीकी निगरानी, साइबर सुरक्षा और अंतरराज्यीय समन्वय को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई।

बैठक में पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, पौड़ी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, जीआरपी तथा एसडीआरएफ के अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया। डीजीपी दीपम सेठ ने कहा कि कांवड़ मेला देश के सबसे बड़े और संवेदनशील धार्मिक आयोजनों में से एक है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम यातायात और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उत्तराखंड पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय रहते तैयारियां पूरी करने और संबंधित राज्यों व विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। डीजीपी ने निर्देश दिए कि संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिस, रिजर्व फोर्स, एंटी टेररिस्ट स्क्वाड, बम निरोधक दस्ता, एसटीएफ और अभिसूचना इकाइयों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए रैपिड रिस्पॉन्स टीम हर समय सक्रिय रहेगी। वहीं प्रमुख स्नान घाटों पर एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीमें तैनात रहेंगी।

## निर्विरोध उप प्रधान चुनी गईं सुमन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नैनीडांडा विकासखण्ड अंतर्गत ग्रामसभा बिलकोट में उपप्रधान पद का चुनाव सम्पन्न हुआ। एकमात्र प्रत्याशी सुमन चतुर्वेदी पत्नी विपिन चतुर्वेदी निर्विरोध उपप्रधान बनीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामसभा में विकास कार्यों एवं ग्रामवासियों की समस्याओं के निस्तारण के लिये वह ग्राम प्रधान एवं पंचायत सदस्यों संग हरसंभव प्रयास करेंगी। ग्राम प्रधान रेणु चतुर्वेदी एवं ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित उपप्रधान का स्वागत किया। कहा कि सुमन लंबे समय से गांव की सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रही हैं। उपप्रधान चुने जाने से ग्रामसभा को उनके अनुभव एवं कार्यक्षमता का लाभ मिलेगा।

## ईओ भट्ट का स्वागत किया



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन मुनि की रेती के सदस्यों ने नगर पालिका परिषद मुनि की रेती-ढालवाला के अधिशासी अधिकारी बद्री प्रसाद भट्ट के कार्यभार ग्रहण करने पर हर्ष जताया। साथ ही ईओ भट्ट को सम्मानित किया। मंगलवार को सेवानिवृत्त राजकीय पेशनर्स संगठन उत्तराखंड की मुनि की रेती शाखा के सदस्य नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने ईओ बद्री प्रसाद भट्ट से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। संगठन के अध्यक्ष शूरवीर सिंह चौहान ने बताया कि पूर्व में ईओ भट्ट के कार्यकाल के दौरान नगर पालिका मुनि की रेती क्षेत्र में कई विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने पूर्व की भांति ईओ भट्ट से पालिका क्षेत्र में विकास कार्य करने व पालिका अवरूद्ध विकास को प्रगति के पथ पर अग्रसर किए जाने की अपेक्षा की। सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन के संरक्षक खुशहाल सिंह राणा, सचिव भगवती प्रसाद उनियाल, उपाध्यक्ष गोपाल दत्त खंडूड़ी आदि मौजूद थे।

## एमवीएम में साफ्ट बोर्ड सज्जा प्रतियोगिता सम्पन्न, प्रथम स्थान पर आया नारायण सदन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर सदनवार सॉफ्ट बोर्ड सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, कलात्मक अभिव्यक्ति तथा कौशल विकास के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में सभी सदनों ने आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक सॉफ्ट बोर्ड तैयार कर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार नारायण सदन पहले, व्यास सदन दूसरे व वशिष्ठ सदन तीसरे स्थान पर रहा। अंत में प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह गुसाईं ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विजेता सदनों को बधाई दी तथा विद्यार्थियों को अपने कौशल एवं रचनात्मक प्रतिभा का निरंतर विकास करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## तीन वर्ष से अध्यापिका के न आने से बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा असर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** यमकेश्वर विधान सभा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीला में कार्यरत अंग्रेजी विषय की एल टी अध्यापिका के लगातार दो वर्षों से अवकाश पर होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय में अंग्रेजी विषय के शिक्षक की तैनाती की मांग को लेकर अभिभावकों ने कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्य शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि विद्यालय में वर्तमान में 29 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं लेकिन विद्यालय में कार्यरत अंग्रेजी विषय की अध्यापिका पिछले दो वर्षों से लगातार अवकाश पर चल रही है। इससे बच्चों का शैक्षिक भविष्य दांव पर लग गया है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि विद्यालय में शीघ्र ही अंग्रेजी विषय के शिक्षक की तैनाती नहीं की गई तो छात्र हित में आंदोलन तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग की होगी। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में जिला पंचायत सदस्य कविता डबराल, सीमा देवी, प्रज्ञा, हेमा देवी, बसंती देवी, सूमा देवी, संगीता देवी, सुमन देवी, नवीन सिंह सहित कई अभिभावक शामिल रहे।

## नगर निगम में मनाया गया 'नमस्ते दिवस'




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** नगर निगम ऋषिकेश द्वारा 'नमस्ते दिवस' मनाया गया। जिसमें नगर निगम ऋषिकेश कार्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त, महापौर द्वारा नगर निगम के स्वच्छता कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान महापौर द्वारा नमस्ते योजना अंतर्गत 'नमस्ते दिवस' मनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनकी कैबिनेट सरकार द्वारा लिए गए निर्णय की प्रशंसा की। कार्यक्रम में समस्त कर्मचारी एवं अधिकारियों द्वारा स्वच्छता शपथ ली गई।

## पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सुरेन्द्र नेगी पहुंचे बेस अस्पताल मरीजों से संवाद करके पूछा उनका हाल-चाल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी बेस चिकित्सालय पहुंचे, जहां उन्होंने मरीजों और चिकित्सकों से संवाद करने के साथ ही अस्पताल से ही स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल से फोन पर बात करते हुए अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का मुद्दा उठाया ।

### मरीजों ने उन्हें समस्याओं से अवगत कराया

इस दौरान विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों ने चिकित्सकों की कमी, दवाइयों की उपलब्धता, लंबी प्रतीक्षा, बिलिंग व्यवस्था तथा अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मौके पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से बात कर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की मौजूदा स्थिति की जानकारी ली। तत्पश्चात अस्पताल से ही उत्तराखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल से दूरभाष पर वार्ता कर अवगत कराया कि कोटद्वार बेस चिकित्सालय पौड़ी जनपद सहित आसपास के विशाल क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र है, जहां चिकित्सकों की कमी है, और चिकित्सकों की कमी के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। मौके पर उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष अस्पताल में चिकित्सकों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने, दवाइयों की समुचित उपलब्धता, अतिरिक्त बिलिंग काउंटर शुरू किए जाने, बंद पड़े आईसीयू को शीघ्र संचालित किए जाने तथा लंबे समय से प्रस्तावित बर्न यूनिट को जल्द स्थापित किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने उनकी बात को गंभीरता से सुना और अस्पताल की व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। इस दौरान पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हिमांशु बहुखंडी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल, शुभम सुयाल, भास्कर प्रजापति, राजा आर्य, अमित राज सिंह और सूरज कांति सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान**।
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी**।
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# सोनम वांगचुक बोले- उपवास खत्म करने के लिए न कहें, 20 जुलाई के मार्च में शामिल हों

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल 19वें दिन भी जारी है। लंबे समय से जारी इस हड़ताल के कारण उनका वजन 9 किलोग्राम से अधिक घट गया है। डॉक्टरों की टीम उनकी शारीरिक स्थिति पर लगातार निगरानी रख रही है। डॉक्टरों के अनुसार, सोनम वांगचुक अभी भी काफी सक्रिय हैं। डॉक्टर सतीश लांबा ने उनके स्वास्थ्य पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि लगातार उपवास से ब्लड शुगर का स्तर घट रहा है। इससे उनके स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ सकते हैं। कई बार उनसे भूख हड़ताल खत्म करने का आग्रह किया गया है। हालांकि, उन्होंने अपनी मांगों पर कार्रवाई न होने तक हड़ताल जारी रखने की बात कही है। कुछ देर में उनके स्वास्थ्य की फिर से जांच की जाएगी। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है। उन्होंने कहा कि उनकी हालत बहुत अच्छी नहीं है, लेकिन बहुत खराब भी नहीं है।



## स्वास्थ्य स्थिति पर निगरानी

डॉक्टर सतीश लांबा ने सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपवास के कारण ब्लड शुगर का स्तर कम हो रहा है। यह स्थिति स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरी हो सकती है। डॉक्टरों की टीम उनकी शारीरिक स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। वांगचुक अभी भी काफी सक्रिय बने हुए हैं।

# यूपी में डॉक्टरों की भर्ती अब केंद्रीय ऑनलाइन पोर्टल से

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के रिक्त पदों को जल्द भरने के लिए स्वास्थ्य विभाग नई व्यवस्था लागू करने जा रहा है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक शासन ने स्वास्थ्य महानिदेशालय को एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल विकसित करने के निर्देश दिए हैं, जिसके माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में डॉक्टरों के खाली पदों का ब्यौरा उपलब्ध रहेगा और संविदा पर भर्ती की प्रक्रिया तेज की जाएगी। नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक जिले में डॉक्टरों के स्वीकृत, कार्यरत और रिक्त पदों की जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित होगी।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association
(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

NEET के बाद
सही दिशा, सही मार्गदर्शन
सपना आपका, साथ हमारा!
देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
हमारे प्रमुख डेस्टिनेशन: कजाखस्तान, रूस, जॉर्जिया, किर्गिजस्तान, उज्बेकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल & More...
अंजुम कलीम (एम.डी.)
15+ YEARS OF EXPERIENCE
M.B.B.S.
BAMS, BUMS, BDS, BHMS
यूनिवर्सिटी सेलेक्शन, एडमिशन गाइडेंस, डॉक्यूमेंटेशन सपोर्ट, वीजा प्रोसेसिंग, ट्रैवल सपोर्ट
सही मार्गदर्शन, उज्ज्वल भविष्य!
मोईन का चौराहा, चाहशीरी, बी-21, बिजनौर (उ.प्र.)
Call / WhatsApp 8384872313
Website www.mbbsbijnor.com
SCAN ME!
आपका सपना, हमारी ज़िम्मेदारी!

Gents Specialist
CLASSIC TAILORS 9927060150
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर